26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 1 जुलाई, 2026

अंक- 247 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# नायरा का पेट्रोल 5 और डीजल 3 रुपये सस्ता

## कच्चा तेल सस्ता होना वजह

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** देश की सबसे बड़ी प्राइवेट फ्यूल रिटेलर कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल के दाम में 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपए प्रति लीटर की कमी की है। अब भोपाल में पेट्रोल की कीमत 119.79 रुपए और डीजल 102.57 रुपए पर आ गया है। नायरा एनर्जी के देश भर में 7 हजार से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं। बाकी कंपनियों के एक लाख से ज्यादा हैं। इस तरह बाजार में इसकी 7 प्रतिशत हिस्सेदारी है। नायरा की नई दरें सभी जगह लागू हो गई हैं। हालांकि, अलग-अलग राज्यों में लोकल टैक्स और वैल्यू-एडेड टैक्स की दरें अलग होने की वजह से हर शहर में रिटेल प्राइस में थोड़ा अंतर देखने को मिल सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 73 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। अमेरिका-ईरान जंग के चलते ये 100 डॉलर के पार निकल गया था। तनाव कम होने से दाम घटे हैं। अभी सरकारी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOC), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (BPCL) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (HPCL) ने कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।


आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग
घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

## राम मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ी

अयोध्या के राम मंदिर के ट्रस्ट श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें लखनऊ मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। महंत नृत्य गोपाल की तबीयत इसके पहले जनवरी के महीने में भी बिगड़ गई थी, तब लखनऊ के मेदांता अस्पताल में उनका इलाज चला था। हालांकि, वो ठीक हो गए थे। अस्पताल में उनके भर्ती होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनसे मिलने गए थे और डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। वह 88 वर्ष के हैं और उनका इलाज चल रहा है।


तुम जियो हज़ारों साल- साल के दिन हों पचास हज़ार
मुस्लिमों, दलितों, पिछड़ों के मसीहा, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री व देश के युवा दिलों की धड़कन माननीय
अखिलेश यादव
के 53वें जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं। इन दुआओं के साथ कि आप पूर्व की भांति हमेशा जनहित में तथा साम्प्रदायिक शक्तियों के खिलाफ अपने संघर्ष को जारी रखेंगे।

मुनव्वर अली, संस्थापक सदस्य एवं वरिष्ठ नेता, समाजवादी पार्टी

KUNWAR SATYAVIRA
COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
27 years of Excellence
• Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN
FOR SESSION
2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH.
(BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles
M.B.A.
(FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations

PRANAV MALIK
B.TECH (CSE)
Batch 2022-2026
PLACED IN
TCS
PACKAGE
LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS
EXPERIENCED FACULTY
MODERN LABS & INFRASTRUCTURE
INDUSTRY INTERFACE
HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in

## वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम घटे

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में गिरावट के बाद सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए आज से रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 2,930 रुपये का हो गया है। जून में इसकी कीमत 3,113.50 रुपये थी। इस प्रकार यहां इसकी कीमत 183.50 रुपये घटायी गयी है। देश के अलग-अलग शहरों में वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत और कटौती अलग-अलग है। यह कंपनियों की लागत और अन्य स्थानीय कारकों के हिसाब से तय होती है। वहीं, घरेलू इस्तेमाल वाले 14 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत अपरिवर्तित है। दिल्ली में यह 942 रुपये का मिल रहा है। इससे पहले, एक जून को वाणिज्यिक रसोई गैस की कीमत बढ़ायी गयी थी। दिल्ली में इसकी कीमत 42 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ी थी।

SB COLLEGE
SBC
NIOS
(Ministry of Education, Govt. of India)
DNYS (2½ Years)
G.J.U., MORADABAD
BA LLB (5 Years)
LLB (3 Years)
ADMISSION OPEN
100% SCHOLARSHIP

6 KM Mile Stone, Bijnor- Noorpur Road, Near Dharampura, Bijnor- 246728 (U.P.)
7251999223, 9711144628, 7251999225

# सरस्वती पुस्तकालय की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई




नजीबाबाद (चिंगारी)। सरस्वती पुस्तकालय नजीबाबाद की 2026-27 के लिए निर्वाचित नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बीती रात सरस्वती पुस्तकालय भवन में नवनिर्वाचित मंत्री प्रदीप डेजी के संचालन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बिजनौर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत गोयल की उपस्थिति रही। अध्यक्षता नवनिर्वाचित प्रधान उमापति गर्ग ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बिजनौर से समाजसेवी मीनू गोयल एवं विवेक गुप्ता उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सहित सभी मंचासीन व्यक्तित्वों ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके एवं पुष्पों की माला पहनाकर वंदन किया। मुख्य अतिथि प्रशांत गोयल ने नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं सभी अंतरंग सदस्यों को शपथ दिलाई। उमापति गर्ग प्रधान, अनुज मिश्रा उपप्रधान, प्रदीप डेजी मंत्री, अभय सिंघल उपमंत्री, विवेक कुमार अग्रवाल कोषाध्यक्ष, गिरीश सिंघल निर्देशक, पंकज अग्रवाल पुस्तकाध्यक्ष, नवीन अग्रवाल उपपुस्तकाध्यक्ष, अंतरंग सदस्य के रूप में अतुल कुमार माहेश्वरी, हरिओम सिंघल, कुमुद कुमार, अखिल अग्रवाल, मधुर गर्ग, हार्दिक अग्रवाल, अजय जौहरी एवं दिनेश खन्ना को शपथ दिलाई गई। नीना सिंघल ने किसी कारणवश नहीं आने के कारण शुभकामना पत्र भेजा। जिसे मंत्री प्रदीप डेजी ने पढ़कर सुनाया। मीनू गोयल विशेष संरक्षक बनीं। प्रधान उमापति गर्ग ने 8 विशेष संरक्षक, उपमंत्री अभय सिंघल ने एक विशेष संरक्षक व आठ आजीवन सदस्य, उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा ने तीन विशेष संरक्षक व दो आजीवन सदस्य, दिनेश खन्ना ने एक विशेष संरक्षक व 6 आजीवन सदस्य,अखिल अग्रवाल ने दो अजीवन सदस्य तथा प्रदीप डेजी ने एक आजीवन सदस्य बनवाया। इस प्रकार नए कार्यकाल के प्रथम दिन ही 33 नए सदस्य विशेष संरक्षक एवं आजीवन सदस्य के रूप में सरस्वती पुस्तकालय से जुड़े। इन सभी नए सदस्यों का स्वागत कर बधाइयां दी गई। वक्ता के रूप में मुख्य अतिथि प्रशांत गोयल, पूर्व प्रधान अतुल माहेश्वरी, राकेश गर्ग, अरुण गहलौत, मुकेश सिन्हा, प्रमुख चुनाव अधिकारी बलराम राजवंशी, संजीव अग्रवाल एवं विवेक गुप्ता ने अपने संबोधन में नई कार्यकारिणी को बधाई दी तथा इस वर्ष में पुस्तकालय के डिजिटल होने की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य चुनाव अधिकारी बलराम राजवंशी सहित सहायक चुनाव अधिकारी अमित त्यागी, विश्वास द्विवेदी, बेगराज यादव व शिवकुमार सिंघल की उपस्थिति प्रेरणादायक रही। इस मौके पर केसी मठपाल, अशोक अग्रवाल, जितेंद्र कक्कड़, मनमोहन सिंह राजपूत, कमल बंधु, अनुज अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राजीव अग्रवाल बर्तन वाले, इकबाल हिंदुस्तानी, प्रभात जाखेटिया, मुकेश शर्मा, मुकेश जिंदल, अर्पित मेहरा, विनीत अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, नौशाद मुल्तानी, लवी अग्रवाल, अभिनव गुप्ता, प्रदीप माहेश्वरी, माधव डेजी, मंजू गर्ग, निशा महेश्वरी, मीनू अग्रवाल, मेघा माहेश्वरी, विदुषी महेश्वरी, अजय गोयल एड., विनोद अरोड़ा, विदित सिंघल, आशु अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल एलआईसी वाले, रुचिर अग्रवाल, सुरेंद्र जेटली, सुशील आर्य, तरुण अग्रवाल, मनोज शर्मा पत्रकार, अचिंत अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, राहुल वर्मा, रुचिर माहेश्वरी, अंकुर महेश्वरी, सचिन अग्रवाल, डॉ पवन अग्रवाल, अनुज कौशिक, कान्हा माधव एवं शिवाय माधव आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## 33 नए सदस्य विशेष संरक्षक व आजीवन सदस्य सरस्वती पुस्तकालय से जुड़े

# मुनव्वर अली ने अखिलेश के जन्मदिन पर दिव्यांग बच्चों को फल वितरित किये

नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा के संस्थापक सदस्य मुनव्वर अली ने कार्यकर्ताओं के साथ हरिद्वार मार्ग स्थित प्रेमधाम आश्रम पहुंचकर दिव्यांग बच्चों को फल, बिस्कुट व कुरकुरे के पैकिट वितरित किये। सपा के वरिष्ठ नेता मुनव्वर अली ने अखिलेश यादव की दीर्घ आयु की कामना करते हुए कहा कि उनकी पार्टी की आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनने जा रही है। अखिलेश यादव तीसरी बार उत्तर प्रदेश् के मुख्यमंत्री बनेंगे। इस मौके पर नौशाद अहमद, शहजाद अंसारी आदि मौजूद रहे।



# विद्युत व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुगलूशाह बसन्ती माता चौराहे पर रखे ट्रांसफार्मर में आए दिन आ रही खराबी से भयंकर गर्मी में मोहल्लावासी काफी परेशान है। जिससे क्षेत्र के लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ गुस्सा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मी के मौसम में बिजली की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिजली व्यवस्था जल्द ही दुरूस्त ना होने पर वह धरना देने व मौहल्लावासियों की समस्या शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर नजीबाबाद विधानसभा प्रभारी सलाउद्दीन सैफी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नदीम फारूकी, डॉ. सलीम सैफी, डॉ. जुनैद अंसारी, मोहम्मद शाहनवाज, छोटा तौकीर, आदि मौजूद रहे।



# चिकित्सकों से मानवीय रिश्तों को बनाए रखने का आव्हान



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर की समाजसेवी महिलाओं द्वारा रमेशनगर में सुमन वर्मा के आवास पर डॉक्टर्स डे की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महिलाओं ने चिकित्सकों से सामाजिक एवं मानवीय रिश्तों को बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा का पेशा मानवीय रिश्तों से जुड़ा होता है। चिकित्सा पेशे के व्यवसायीकरण के कारण यह पेशा बदनाम होता जा रहा है। महिलाओं ने चिकित्सा के व्यवसायीकरण पर अंकुश लगाने तथा आर्थिक रूप से कमजोरों के लिए मानवीय रिश्ते को सर्वोपरि रखने की सलाह दी। उन्होंने देश में किडनी चोरी व भ्रूण हत्या जैसी घटनाओं को रोकने के लिए चिकित्सकों से जागरूक रहने तथा नशीली दवों के प्रयोग पर भी अंकुश लगाने का आवाहन किया। सुमन वर्मा की अध्यक्षता एवं फूलमाला वर्मा के संचालन में सुधा अग्रवाल, रूपम, आस्था रानी, सुधा अग्रवाल, गीता राजपूत, मधु शर्मा आदि उपस्थित रही।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत, दूसरा घायल

नहटौर ( चिंगारी )। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से उसे बिजनौर व बिजनौर से मेरठ के लिए रैफर कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार की देर रात्रि को ग्राम शाहनपुर रामपुर निवासी बागेश ( 22 वर्ष ) पुत्र महेश कुमार अपने साथी अनुज कुमार के साथ बाइक द्वारा बालापुर आए थे, जहां से वह सामान लेकर अपने घर जा रहे थे। बालापुर के पास ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और वाहन चालक मौके से फरार हो गया। चिकित्सकों ने बागेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अनुज की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे उपचार के लिए मेरठ ले जाया गया है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी मामले में तहरीर नहीं मिली है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# रातोंरात हरे-भरे पेड़ों की जड़ें तक निकाल दीं

स्योहारा ( चिंगारी )। बहादुरपुर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर आम के बाग में रातों-रात लगभग 9 से 10 हरे-भरे आम के पेड़ों को काट दिया गया। इतना ही नहीं, जेसीबी की मदद से पेड़ों की जड़ों तक को उखाड़कर मौके पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। प्रतिदिन सड़क से गुजरने वालों ने बताया कि कल पेड़ खड़े थे, लेकिन सुबह उस जगह पेड़ नहीं निर्माण चल रहा है। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों और कथित लकड़ी माफियाओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। यदि बिना अनुमति पेड़ों का कटान किया गया है तो संबंधित लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वन विभाग के डिप्टी रेंजर विजय भारत ने बताया कि पेड़ कटने का मामला संज्ञान में आया है, जो भी इस प्रकरण में होगा, उस पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# ई-रिक्शा में चोरी का सामान ले जाते दो लोग पकड़े गये

नहटौर ( चिंगारी )। नहटौर पुलिस की सक्रियता के चलते चोरी का सामान ई-रिक्शा में ले जा रहे दो लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पकड़े गये लोगों ने कश्मीरी में स्थित एक गोदाम की छत का टिनशेड उखाड़कर हजारों का समान चोरी किया था।

रात्रि करीब 11 बजे पुलिस गश्त पर थी। धामपुर रोड पर उनकी नजर एक ई-रिक्शा पर पड़ी। ई-रिक्शा में लदे सामान को देखकर पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने तुरंत ई-रिक्शा को रुकवाकर उसमें सवार व्यक्तियों से पूछताछ की। पुलिस की सख्ती के आगे सवार व्यक्ति घबरा गए और कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये। तलाशी लेने पर ई-रिक्शा से दो सिलेंडर, दो बैटरी, एक इन्वर्टर और बड़ी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक की बोतलें बरामद हुईं। पुलिस ने पूछताछ की। जिसके बाद गोदाम की स्थिति की जांच की गई, जिसमें पता चला कि गोदाम के पिछले हिस्से की टिनशेड उखाड़कर अंदर प्रवेश किया था। उन्होंने गोदाम का मुख्य ताला तोड़ने का भी असफल प्रयास किया था। चोरी का सामान बरामद होने के बाद पुलिस ने तत्काल गोदाम मालिक मोहम्मद अलवश को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे मालिक ने अपना सामान पहचाना और पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया गश्त के दौरान दो युवक चोरी के सामान सहित व ई रिक्शा के साथ पकड़े गये हैं। पूछताछ की जा रही है।

# अखिलेश का जन्मदिन मनाया



खासपुरा ( चिंगारी )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन बुधवार को ग्राम कीकर व धमरौली में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में किया गया। मो.शाकिर भारी संख्या में समर्थकों के साथ पहुंचे। सभी नेताओं ने केक काटकर अखिलेश यादव के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कुंतेश सैनी, गुड्डी सैनी, कोमल सैनी, रीता, बबीता चौहान, सर्वेश पाल, ओमप्रकाश, सतवीर यादव, मो. जमशेद, दुष्यन्त यादव, प्रदेश सचिव वकील अहमद, महदूद नसो से मो. शाकिर आदि मौजूद रहे।

**आवश्यकता**
**बिजनौर टाइम्स/चिंगारी**

बिजनौर टाइम्स समूह को बिजनौर जनपद के रेहड़, बास्टा, फीना, शिवाला कलां, जलीलपुर, रायपुर सादात, बालावाली और उत्तराखण्ड के श्यामपुर, हरिद्वार, ज्वालापुर, कालागढ़ में तेज-तर्रार और अनुभवी संवाददाता की आवश्यकता है। कॉल करें- 9927500701



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे
या बुरी ...

## युद्ध विनाश ही लाता है!

युद्ध विकास का नकारात्मक परिणाम है। खाड़ी युद्ध ने इसे एक बार फिर सिद्ध कर दिया है। ऊर्जा और कच्चे माल की उपलब्धता में संकट के कारण उत्पादन गंभीर रूप से घट गया है। यदि यह संकट बना रहता है, तो खाड़ी क्षेत्र की ऊर्जा तक सहज पहुंच की धारणा एक दूर का सपना बन सकती है। बेरोजगारी का खतरा फिर लौट आया है। पश्चिम एशिया के युद्ध का दोनों पक्षों से दोहन किया गया है। आर्थिक मोर्चे पर उत्पादन न्यूनतम स्तर तक सिमट गया है। महंगाई ने इस निराशा को और गहरा कर दिया है, जिससे जीवन कठिन होता जा रहा है।

कपड़ा उद्योग इसका एक उदाहरण है, जहां स्थिति अत्यंत नाजुक हो गई है। संकट ने बड़े उत्पादकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। जैसे रिलायंस में, जो कच्चे तेल से पेलेट्स का प्रमुख उत्पादक है, जिनका उपयोग विशेष प्रकार के रेशों, जैसे पॉलिएस्टर के निर्माण में होता है। पॉलिएस्टर पेट्रोकेमिकल उद्योग का एक उप-उत्पाद है, जो कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के प्रसंस्करण से बनता है। इन मूल कच्चे पदार्थों की उपलब्धता में गिरावट ने बड़े पैमाने पर उत्पादन को घटा दिया है, जिससे उत्पादन की निरंतरता में गंभीर अंतराल पैदा हो गया है।

ऊर्जा क्षेत्र से अपेक्षा की जा रही है कि वह वैश्विक होते समय चुनौतियों को झेलेगा, लेकिन वैश्वीकरण के लंबे समय तक टिके रहने की आशाएं अब बिखरने लगी हैं, क्योंकि वैश्वीकरण-विरोधी कदम अधिक स्पष्ट होते जा रहे हैं। कभी कल्पना में भी यह नहीं आया था कि होरमुज जलडमरूमध्य जो एक संकीर्ण और अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है तथा इस संघर्ष से प्रभावित है कभी बंद भी हो सकता है। होरमुज जलडमरूमध्य के इस संकरे बिंदु पर भारतीय ध्वज वाला कोई जहाज बहुत कम ही दिखाई देता है। हमें 'देश में उत्पादित तेल, गैस और कोयले की हर बूंद को सुरक्षित रखना होगा-' ऐसा देश के सबसे बड़े कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादक ओएनजीसी के प्रमुख ने कहा। तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की आपूर्ति में संकट की श्रमिकों की कमी के लिए जिम्मेदार है, जिनके लिए अपने घर लौट जाना अंतिम विकल्प बन गया।

# राम मंदिर को मंत्रालय मत समझिए!

▶▶ विवेकानंद



एक और पेपर लीक, एक और परीक्षा रद्द। महाराष्ट्र में टीईटी का पेपर ऐसे समय लीक हुआ, जब नीट-यूजी पेपर लीक को लेकर सख्त कार्रवाई के दावें किए जा रहे हैं। व्यापमं घोटाले से यदि सबक लिया होता तो शायद बच्चों के भविष्य के साथ यूं खिलवाड़ नहीं देखना पड़ता। यह गजब संयोग है कि जनता को बांधे रखने के लिए बीजेपी ने अपने राजनीतिक एजेंडे में जो तीन कोर मुद्दे रखे हैं, इस वक्त तीनों ही चुनौती बने हुए हैं। परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं, युवा वर्ग में निराशा है। रामलला के मंदिर से चढ़ावा चोरी हो गया, श्रद्धालुओं में गुस्सा है। साल भर से अधिक समय बीत जाने के बाद ऑपरेशन सिंदूर में छह जवानों की शहादत स्वीकार की गई। इसे लेकर भी सवाल हैं। 29 जुलाई 2025 को लोकसभा में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किसी भी भारतीय सैनिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। जब शहीद जवानों के नाम सार्वजनिक हुए तब सवाल उठे। इसके बाद सरकार की ओर से 27 जून 2026 को जवाब आया कि रक्षामंत्री के बयान को चुनिंदा रूप से उद्धृत किया गया है और उसके संदर्भ को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। रक्षा मंत्रालय की सफाई के बाद यह समझना मुश्किल हो रहा है कि क्या युद्ध में पायलट और जवान को अलग-अलग नजरिए से देखा जाता है? क्या पायलट के अलावा किसी जवान का शहीद होना नुकसान की श्रेणी में नहीं आता? बहरहाल! आरोपों और असहमतियों को स्वीकार न करना राजनीति की पुरानी अदा है। बीजेपी ने इस अदा का सबसे उम्दा प्रदर्शन किया है। लेकिन इस बार मामला 'नीम चढ़े करेले' जैसा है। दरअसल उत्तर प्रदेश के चुनाव सिर पर हैं और ऐसे समय में रामधन की चोरी का मामला बीजेपी के हिंदुत्ववादी एजेंडे को जख्मी कर सकता है। यह चिंता बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व से लेकर कार्यकर्ताओं तक दिखाई दे रही है। लिहाजा पीएमओ से लेकर आरएसएस प्रमुख तक मौन किंतु सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। पीएमओ रिपोर्ट मांग चुका है, आरएसएस प्रमुख के पास भी एक रिपोर्ट पहुंचने की खबर है। दावा किया जा रहा है कि चंपत राय का इस्तीफा भी संघ और केंद्र सरकार के दबाव में हुआ है।

बीजेपी की उलझन रामलला के चढ़ावे की चोरी नहीं है, असल उलझन यह है कि कोई सिर ऐसा नहीं जिस पर इल्जाम थोपकर बरी हो लिया जाए। सभी सिर अपने हैं। राम मंदिर ट्रस्ट में विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस के पदाधिकारी और केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त लोग हैं। इन्हीं लोगों ने अन्य सेवादारों की नियुक्ति की है। इनमें भी कोई न कोई किसी न किसी का करीबी है। इसके अलावा मंदिर निर्माण के पहले से ही अयोध्या में जमीनों की संदिग्ध खरीद-फरोख्त की खबरें आती रही हैं। हालांकि इनमें करप्शन के आरोपों को खारिज किया जाता रहा है, लेकिन रामधन की चोरी के बाद उधड़ी परतों के साथ ये भी बेपर्दा होते नजर आ रहे हैं।



आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने जमीनों की घपलेबाजी के सबूत देने का दावा किया है। खबर यह भी है कि चढ़ावे में चोरी का एक आरोपी अयोध्या के वीआईपी क्षेत्र में आलीशान घर बनवा रहा है। मंदिर से उसे सिर्फ 12 हजार रुपए सैलरी मिलती है। हालांकि यह संभव है कि उसके पास घर बनवाने लायक पैसा पहले से हो। लेकिन बीजेपी इस मसले को भी अन्य आरोपों की तरह साधने की कोशिश कर रही है।

पेपर चोरी पर सवाल उठाने वालों को टुकड़े-टुकड़े गैंग कहकर प्रचारित किया जा रहा है और रामलला के चढ़ावे की चोरी पर सवाल उठाने वालों को रामद्रोही साबित करने वाले बयान दिए जा रहे हैं। मामूली चोर-उचक्कों को रिमांड पर लेने वाली पुलिस बेहद संयमित है। पुलिस ने आठ आरोपियों को दो बार कोर्ट में पेश किया, एक भी बार रिमांड नहीं मांगी। चंपत राय ने ट्रस्ट से इस्तीफा दिया है, पर अभी तक उसे मंजूर नहीं किया गया है। इस बचाव का राजनीतिक असर क्या और कैसा होगा, यह कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगी। क्योंकि व्यापमं से लेकर राफेल और फिर वोट चोरी तक के आरोप न केवल सरकार और बीजेपी खारिज करती आई है, बल्कि वोट के रूप में जनता ने भी इन्हें नकार दिया है। बीजेपी को उम्मीद रहेगी कि अन्य आरोपों की तरह रामधन की चोरी भी जनता नकार देगी। इसलिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर बीजेपी और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता राम मंदिर आंदोलन के वक्त हुए गोलीकांड और बाबर का वंशज जैसे बयानों को धार दे रहे हैं।

बीजेपी की उम्मीद से कोई हैरानी नहीं है, लेकिन जनता के मन में कुछ सवाल तो हैं ही। मसलन, क्या राम के अस्तित्व को नकारना चढ़ावे में चोरी होने देने का लाइसेंस है? अगर सवाल उठाने वाले बाबर की औलाद हैं तो जिन्होंने चोरी की है वे किसकी औलाद हैं? सनातन की बदनामी चोरी उजागर करने में है या चोरी होते रहने देने में है? जिस जोश के साथ राम मंदिर बनाने के लिए खुद की पीठ ठोकते हैं, उतने ही साहस से मंदिर में हुए गबन को न रोक पाने की जिम्मेदारी क्यों नहीं ली जा रही? ये कोई मंत्रालय नहीं है, इसकी गड़बड़ियों को नजर अंदाज करना थोड़ा मुश्किल है। सवाल यह भी है .. यदि चुनाव न होते तो क्या यह मुद्दा भी बाकियों की तरह खारिज कर दिया जाता?

(विनायक फीचर्स)

# वाह! सौ लोगों के बीच छह लाख पक्षी



नॉर्वे के पश्चिमी तट पर स्थित रूंडे द्वीप एक ऐसा स्थान है, जहां प्राकृति ने अपनी रंगीन कल्पना को खुलकर जीया है। यहां 100,000 से अधिक अटलांटिक पाफिन पक्षी बिना किसी तय दिशा के आसमान में मंडराते, चट्टानों पर बैठते और जमीन पर अपनी अनोखी चाल में चलते दिखाई देते हैं। उनकी काली-सफेद देह, रंग-बिरंगी चोंच और गोल-मटोल आकार उन्हें इतना प्यारा बना देते हैं कि उन्हें देखकर मुस्कुराए बिना रह पाना मुश्किल है।

पफिन की खासियत सिर्फ उनकी खूबसूरती तक सीमित नहीं है। ये पक्षी बेहद शांत स्वभाव के होते हैं और किसी भी अन्य प्रजाति के लिए हानिकारक नहीं माने जाते। यही कारण है कि रूंडे द्वीप पर इनका साम्राज्य सा दिखाई देता है, जहां इन्सान भी उनके बीच मेहमान बनकर आते हैं। इस द्वीप की एक और खास बात यह है कि यहां केवल पफिन ही नहीं, बल्कि लगभग 600,000 अन्य समुद्री पक्षी शामिल भी रहते हैं। इनमें अलग-अलग प्रजातियों के पक्षी शामिल हैं, जो इस स्थान को एक जीवंत और चहचहाता प्राकृतिक अभयारण्य बना देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस द्वीप पर इन्सानों की संख्या बेहद सीमित है। यहां करीब 100 लोग ही इस द्वीप पर निवास करते हैं, जिससे प्रकृति का संतुलन बरकरार रहता है। हालांकि पफिन इन्सानों से डरते नहीं, फिर भी उन्हें पकड़ने या छूने की अनुमति नहीं है, क्योंकि यह उनके प्राकृतिक व्यवहार में बाधा डाल सकता है। पर्यटक यहां आकर दूर से ही इन पक्षियों की चंचलता और मासूमियत का आनंद लेते हैं और उन्हें अपने कैमरे में कैद कर यादों में बसा लेते हैं। रूंडे द्वीप एक ऐसी जगह है, जहां प्राकृति और जीव-जंतु बिना किसी हस्तक्षेप के अपने असली रूप में दिखाई देते हैं और पफिन इस खूबसूरत कहानी के सबसे प्यारे किरदार हैं। **-रंजीत यादव**


//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

# केक काटकर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिवस

## कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी करें : मूलचंद



**धामपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिवस धामपुर में पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान के कैंप कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उत्साह पूर्वक मनाया। इस अवसर पर केक काटा तथा उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।

पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान ने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरी ताकत से जुट जाने का आह्वान किया। मूलचंद चौहान ने कहा कि, समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों गरीबों और युवाओं, आम जनता के हितों की आवाज उठाती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण किसान, मजदूर और आम नागरिक परेशान हैं। जबकि बड़े पूंजी पत्तियों को लगातार लाभ सरकार द्वारा पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, यदि कार्यकर्ता अभी से गांव-गांव और बुत स्तर तक संगठन को मजबूत करने में जुड़ जाएं, तो वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी बहुत मजबूत स्थिति में होगी। कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में नसीम राणा, अरमान अली, मुदित गुप्ता, आसिफ अली, जावेद सईद, मेहताब अहमद, सलाउद्दीन, नाजिम कुरैशी, इस्लाम उर्फ कल्लू, निसार अहमद, पंकज, विनीत आदि बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्री लक्ष्मी-नारायण प्रतिमा का स्थापना दिवस मनाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला खातियान स्थित, शिव मंदिर मैढ सभा, (सुनारों वाले शिव मंदिर) में श्री लक्ष्मी-नारायण प्रतिमा का स्थापना दिवस भक्ति भाव के साथ मनाया गया। प्रातः काल सौरभ वर्मा, केशव वर्मा तथा नरेश वर्मा द्वारा विष्णु भगवान तथा लक्ष्मी जी की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराकर, वस्त्र परिवर्तित करके भोग लगाया गया। सुमन वर्मा द्वारा गणेश जी की स्तुति, कमलेश वर्मा रुक्मणी वर्मा, उमा वर्मा तथा अन्य महिलाओं ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर लक्ष्मी वर्मा, दीपमाला वर्मा, नेहा वर्मा, रुक्मणी वर्मा, सुमन वर्मा, कमलेश वर्मा, उमा वर्मा, सुधा बिश्नोई, प्रेमवती तथा अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# मिल अधिकारियों ने किया खेतों का भ्रमण



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार व वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक मनोज चौहान ने संयुक्त रूप से हबीबबाला जोन के ग्राम मानकवाला, कल्याणपुर, फतेहपुर आदि का भ्रमण किया। उन्होंने गन्ना प्रजाति के प्लाटों का निरीक्षण किया तथा गन्ना प्रजाति में रेड रोट प्रभावित गन्नों को खेत से निकाल कर नष्ट करने को स्टाफ को निर्देशित किया। उपाध्यक्ष आशीष शर्मा द्वारा ग्रसित खेतों में ब्लीचिंग पाउडर व ट्राइकोडर्मा का उपयोग करने के लिए भी निर्देशित किया गया। इस मौके पर जोनल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, कर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# यशवीर सिंह को समारोहपूर्वक विदाई दी



**धामपुर ( चिंगारी )।** कन्या इंटर कॉलेज में वरिष्ठ सहायक यशवीर सिंह गौतम के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रबंध समिति द्वारा यशवीर सिंह को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-पत्र भेंट कर उनके लगभग 34 वर्षों के उत्कृष्ट, निष्ठापूर्ण एवं समर्पित सेवाकाल के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से भी उन्हें स्नेह-स्वरूप उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी ने कहा कि यशवीर सिंह ने अपने सेवाकाल में ईमानदारी, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका सरल स्वभाव, कार्य के प्रति समर्पण तथा सहयोग पूर्ण व्यवहार सदैव विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा। समारोह के अंत में यशवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय में बिताए गए अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर प्रबंध कमेटी से प्रबंधक शलभ कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गौरव कुमार, प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी, प्रीति रानी, नीरज, नीना, विनीता, विनोद आदि शिक्षिकाएं शामिल रहीं।

# पूर्व एडीजी प्रेम प्रकाश आसपा में शामिल



**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) लगातार अपने संगठन का विस्तार करने में जुटी हुई है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कैडर के 1993 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी एवं पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) प्रेम प्रकाश ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। नगीना सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ट्वीट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि प्रेम प्रकाश को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत करते हुए इसे संगठन के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उधर, विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही सांसद चंद्रशेखर आजाद की राजनीतिक गतिविधियां और जनसंपर्क अभियान भी तेज हो गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगातार बैठकें, संगठन विस्तार और नए लोगों को पार्टी से जोड़ने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लगातार अनुभवी प्रशासनिक अधिकारियों और नए सामाजिक वर्गों के जुड़ने से आजाद समाज पार्टी का प्रभाव नगीना लोकसभा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहकर प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि इसका वास्तविक राजनीतिक प्रभाव और विधानसभा चुनाव में मिलने वाला लाभ मतदाताओं के फैसले पर निर्भर करेगा।

# धूमधाम से मनाया गुरु हरगोविंद साहिब जी का प्रकाश पर्व

## सतवंत सिंह सलूजा को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया



**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में छठी पातशाही गुरु हरगोविंद साहिब जी का पावन प्रकाश पर्व धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत हुए सरदार सतवंत सिंह सलूजा को सरोपा भेंट करके सम्मानित किया गया। दीवान हाल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गुरमुख परिवार की ओर से चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए किया गया। कार्यक्रम में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर से पधारे गुरुवाणी प्रचारक ज्ञानी गुरुशरण सिंह कलसियां ने गुरबाणी विचारों के माध्यम से गुरु हरगोबिंद साहिब जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने गुरुवाणी के अमोलक कीर्तन की प्रभावी प्रस्तुतियों के माध्यम से संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट तथा सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने भी गुरु हरगोबिंद साहिब जी के जीवन दर्शन से संबंधित प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। अमृतसर से पधारे गुरु वाणी प्रचारक ज्ञानी गुरुशरण सिंह कलसियां को सम्मानित किया गया। समूचे कार्यक्रम का समापन बरसों से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत मिस्से परसाद, ठंडी लस्सी, आम अचार आदि के विशाल लंगर से किया गया।

# प्रभु श्रीराम जानते हैं कौन सही है, कौन ग़लत

## रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले आज कर रहे हैं आस्था की वकालत

**रामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर चंदा प्रकरण पर विपक्षी दलों की बयानबाजी पर पलटवार करते हुये कहा कि जो लोग पहले रामभक्तों पर लाठी-गोली चलवाते थे, वही आज आस्था की वकालत कर रहे हैं।

मंगलवार को रामपुर जिले के मिलक और बिलासपुर विधानसभा क्षेत्रों में 700 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 102 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने अतीत में प्रभु श्रीराम और श्रीकृष्ण के अस्तित्व तक पर सवाल उठाए, जबकि आज राजनीतिक लाभ के लिए अयोध्या जाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता इन दलों के दोहरे चरित्र और झूठ को अच्छी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि रामभक्तों की ताकत के कारण ही विपक्षी दलों को अपनी राजनीतिक रणनीति बदलनी पड़ी है। प्रभु श्रीराम जानते हैं कि कौन सही है और कौन गलत।



चाकू अगर गलत व्यक्ति के हाथ में पड़ जाएगा तो वह उससे डकैती ही डालेगा। समाजवादी पार्टी ने रामपुर के चाकू का दुरुपयोग कर जमीनों पर कब्जे करने का काम किया।

*योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री*

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष को अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, नैमिषारण्य और अन्य तीर्थस्थलों के विकास से परेशानी है और वह जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में त्यौहारों और धार्मिक आयोजनों पर प्रतिबंध जैसे हालात थे, जबकि वर्तमान सरकार में कांवड़ यात्रा, रामनवमी, जन्माष्टमी, दीपावली और अन्य पर्व शांतिपूर्ण एवं भव्य तरीके से आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी के शासनकाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उस समय रामपुर में गरीबों और कमजोर वर्गों की जमीनों पर अवैध कब्जे होते थे तथा विकास कुछ परिवारों तक सीमित था।

उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली आपूर्ति और विकास कार्यों में भी भेदभाव किया जाता था, जबकि वर्तमान सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी 75 जिलों में विकास कार्य करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विरासत संरक्षण और विकास को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। रामपुर के धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण के साथ-साथ आधारभूत ढांचे को भी मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर-शामली आर्थिक कॉरिडोर रामपुर से होकर गुजरेगा, जिससे क्षेत्र के औद्योगिक और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

## एडीजीसी फ़ौजदारी के रिक्त पद के लिए 12 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित


**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद बिजनौर में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए जिला प्रशासन ने योग्य एवं इच्छुक अधिवक्ताओं से 12 जुलाई शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला मजिस्ट्रेट जसजीत कौर ने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा उसके पास कम से कम सात वर्ष का विधि व्यवसाय का अनुभव होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि यह नियुक्ति संविदा आधारित व्यावसायिक आबद्धता होगी, जिसे सरकारी सेवा का दर्जा प्राप्त नहीं होगा। चयनित अधिवक्ता को निजी प्रैक्टिस की अनुमति नहीं होगी और शासन के निर्देशानुसार ही विभिन्न सरकारी मामलों की पैरवी कर सकेंगे। आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवश्यक अभिलेखों के साथ दो प्रतियों में 12 जुलाई तक जिला अधिकारी कार्यालय, बिजनौर में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा किए जा सकते हैं। निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। रामपुर, अमरोहा, मुरादाबाद एवं संभल के अभ्यर्थियों को अपने आवेदन संबंधित जिलाधिकारियों की संस्तुति के माध्यम से भेजने होंगे।

## सिपाही से मारपीट का एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर कोतवाली पुलिस ने ड्यूटी पर तैनात यातायात सिपाही के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 29 जून की शाम चांदपुर तिराहे पर ड्यूटी के दौरान यातायात आरक्षी सौरभ के साथ दो युवकों ने अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की थी और जान से मारने की धमकी दी थी। घटना के संबंध में थाना कोतवाली शहर में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को पुलिस ने रेलवे फाटक से रेलवे स्टेशन रोड के पास से आरोपी रितिक पुत्र स्वराज उर्फ योगराज निवासी मोहल्लाड़पुर, थाना कोतवाली शहर को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस के अनुसार घटना में शामिल दूसरे आरोपी हिमांशु पुत्र ब्रह्मपाल की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तारी की कार्रवाई उपनिरीक्षक विनय कुमार एवं कांस्टेबल सन्नी ने की।

धारा मोटर
फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## 2027 में बनेगी सपा सरकार- रामअवतार

### गंज में हुआ पीडीए सम्मेलन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गंज में समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र बिजनौर का पीडीए सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक रामअवतार सैनी का अन्य नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। भारी संख्या में पिछड़े समाज के लोग उपस्थित रहे। विधायक रामअवतार सैनी ने कहा, आज देश-प्रदेश के अंदर भाजपा सरकार पिछड़ों का लगातार उत्पीड़न कर रही हैं एवं संविधान को ख़त्म करने में लगी है कहा कि पिछड़ों की एकजुटता व सक्रियता से ही समाजवादी पार्टी 2027 विधानसभा चुनाव में बड़ी सफलता हासिल करेगी। नौजवान बेरोजगार हैं, किसान, व्यापारी परेशान हैं, महिलाओं का लगातार अपमान हो रहा है, महंगाई चरम सीमा पर है, डीजल-पेट्रोल के दाम लगातार बढ़ने से आम जनता महंगाई की मार से परेशान है। आने वाले चुनाव में सपा मुख्यमंत्री बनाएगी, कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष हनी फेसल, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दीपक सैनी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश तोमर,सरिता सैनी, चन्दन सैनी, कमलेश भुईयार, अख़लाक़ पप्पू,कल्याण सैनी,डॉ. योगेंद्र चौधरी, मनोज राजपूत, नमन कुमार, रमेश सैनी, अतुल सैनी, ओमप्रकाश सैनी, धर्मपाल सैनी आदि मौजूद रहे।



# घर में बेड पर पड़ा मिला सफाई कर्मचारी का शव

किरतपुर (चिंगारी)। मोहल्ला अंबेडकर नगर में एक सफाई कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक में सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत 35 वर्षीय अरूण यहां अंबेडकर नगर में एक माह से अकेला रह रहा था। उसकी पत्नी दोनों बच्चों को लेकर अपने मायके झलरा गई हुई थी। स्कूल खुलने पर कल वह घर आई तो मकान का मेन गेट बंद था। काफी खटखटाने और आवाज देने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उसका 13 वर्षीय अंश दीवार कूदकर अंदर गया तो देखा कि उसके पिता अरूण बिस्तर पर पड़ा हुआ था। आसपास खून फैला था और दुर्गंध आ रही थी। सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज सब इंस्पेक्टर दीपक नागर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पत्नी ने अवैध संबंधों के कारण हत्या की आशंका जताई, जबकि कोतवाल पुष्पेंद्र चौधरी का कहना है कि प्रथम दृष्टया जहरीले पदार्थ के सेवन से मृत्यु होना लगता है। अरूण ने जहरीला पदार्थ खाया होगा, जिसका असर होने पर खून की उल्टी आई होगी। हालांकि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर पता चलेगा।


मृतक अरुण का फाइल फोटो।

## नहर में शव मिलने से सनसनी

**चंदक ( चिंगारी )। आज सुबह यहां मंडावर रोड पर स्थित नहर में एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकाला। मृतक की शिनाख्त गांव किशनपुर निवासी राजू ( 50 वर्ष ) पुत्र नत्थन के रूप में हुई। आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की शाम उक्त व्यक्ति नशे में देखा गया था अंदेशा है की व्यक्ति नशे की हालत में नहर में गिर गया हो, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।**

# कालागढ़ में घरों के बीच बाघ को देखकर लोग भयभीत



**कालागढ़ ( चिंगारी )।** कालागढ़ में वन्यजीव के आवागमन से दहशत का माहौल बना हुआ है। सोमवार की रात उस वक्त लोगों की सांसें थम गई जब एक बाघ अचानक से सामने आ गया। पुराना कालागढ़ में एक बाघ के अचानक से सामने आने पर लोगों की सांसें थम सी गई थी। एक बाघ बीच आबादी से होता हुआ झंडा चौक पर पहुंच गया। बाघ को इस तरह सामने देख जो जहां था वहीं ठहर गया। बाघ को देख शोर मच गया। गनीमत रही कि बाघ ने किसी पर हमला नहीं किया। बाघ सड़क पार कर सीधे जंगल की ओर चला गया। मौके पर मौजूद अमन धारियावाल, रानू, फय्याज अंसारी, ताजुद्दीन, आरिफ आमिर आदि ने बताया कि वो सड़क पर टहल रहे थे। तभी कुत्तों और बंदरों के शोर सुनाई दिया । उनका लगा कि जंगली हाथी आ रहा। पर उनके होश फाख्ता तब हो गये जब एक बाघ पुरानी कालोनी के ए टाइप कालोनी के पास से होकर सड़क किनारे आ गया। आपको बता दें कि बीते कई दिनों से जंगली हाथी अक्सर उसी मार्ग से निकलता है। यह पहला मौका था जब बाघ को घरों के इतना करीब से गुजरते देखा। बाघ के इस आवागमन से लोगों को सुरक्षा के प्रति चिंताएं बढ़ गई है। लोगों के मवेशी घरों के आंगन में बंधे रहते हैं। जिनकी जान को भी अब खतरा बन गया है। ऐसे में लोग करें भी तो क्या करें। हालांकि यह पहला मौका नहीं था जब बाघ कालागढ़ के आसपास दिखाई दिया हो अक्सर किसी ना किसी कोने पर देर सवेर दिखाई दे जाता है। पर घरों के इतना करीब पहली बार देखा है। बाघ के आवागमन की तस्वीरें कैमरे में कैद हो गई। जो अब शोसल मीडिया पर काफी वायरल है। कालागढ़ के नागरिकों ने वन विभाग से वन्य जीव की रोकथाम करने की मांग की है साथ ही सड़कों किनारे पर लाइटें लगवाने की मांग की है।

## शाबाश : मरियम अदनान ने जीता यूपी शूटिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज दिल्ली पर चल रही 49 वी उत्तर प्रदेश स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में कु.मरियम अदनान ने ट्रैप यूथ जूनियर गर्ल्स शूटिंग में कांस्य पदक जीतकर बिजनौर ज़िले का नाम रोशन किया। कु.मरियम अदनान प्रसिद्ध राष्ट्रीय निशानेबाज एंव मंडावर के पूर्व चेयरमैन अली अदनान की पुत्री हैं। गत दिवस स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया व उत्तर प्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा किए गए एक संयुक्त भव्य आयोजन में डॉ. करणी सिंह रेंज दिल्ली में कु.मरियम अदनान को मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, उत्तर प्रदेश-द्वन्द्वयुद्ध एसोसिएशन के प्रेसिडेंट श्याम सिंह यादव व जनरल सेक्रेटरी जी एस सिंह मौजूद रहे। चिंगारी परिवार मरियम के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।


# मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


## रिमझिम बारिश से गर्मी से मिली राहत

नजीबाबाद (चिंगारी)। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच बीती रात से रिमझिम बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली। इस बार जून के महीने में रिकार्ड गर्मी से लोग पसीना-पसीना हो रहे थे। गर्मी के कारण लोगों का दिन का सुकून व रात का चैन छिन गया था। भयंकर गर्मी होने की वजह से ओवरलोड के चलते बिजली आपूर्ति भी बाधित हो रही थी। बारिश के लिए जगह-जगह ठंडा शर्बत बांटा जा रहा था। बारिश के लिए दुआ की जा रही थी। पिछले कई दिनों से आसमान में घूम रहे बादलों के बीच बीती रात रिमझिम बारिश पड़ने से लोगों को गर्मी व बिजली की समस्या से कुछ राहत मिली है।

# रालोद संसदीय दल में शामिल हुये पूर्व सांसद मुंशीराम पाल



**नगीना ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व सांसद मुंशीराम को पार्टी हाईकमान ने बड़ा सम्मान देते हुए पार्टी के संसदीय दल में जगह दी है। रालोद नेता मुंशीराम ने पार्टी हाई कमान के इस निर्णय पर आभार जताया है। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा गठित पार्टी के संसदीय दल में नगीना निवासी पार्टी के पूर्व सांसद मुंशीराम को सदस्य बनाकर जगह दी गई है। संसदीय दल में पूर्व सांसद के सी त्यागी को अध्यक्ष बनाते हुए 15 लोगों को सदस्य बनाया गया है। जबकि चार लोगों को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी खुद भी संसदीय दल में सदस्य के रूप में शामिल हुए हैं। बताते चलें पूर्व सांसद मुंशी राम को राष्ट्रीय लोक दल में हमेशा सम्मान से नवाजा गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें नहटौर विधानसभा से चुनाव लड़ाया था। मुंशीराम ने बताया कि संसदीय दल के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों पर चुनाव के समय प्रत्याशी के नाम चयन करने आदि की जिम्मेदारी रहती है। उनका कहना है कि पार्टी ने उन्हें जो सम्मान दिया है उसका वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वाहन करेंगे।

## आरजेपी इंटर कॉलेज में पुष्प वर्षा कर छात्रों का किया स्वागत



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सक्सेना एवं विद्यालय के प्रबंधक कुंवर उदयन वीरा के निर्देश पर ग्रीष्म कालीन अवकाश के उपरांत छात्रों का स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ एवं समस्त स्टाफ द्वारा छात्रों का पुष्प भेंट एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि सभी छात्र जीवन के ऐसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर हैं, जहाँ से भविष्य की दिशा तय होती है। आपके प्रयासों से न केवल आपका,बल्कि देश और प्रदेश का उज्ज्वल भविष्य निर्माण होगा। आपके सपनों के साथ आपके माता-पिता, शिक्षक और रिश्तेदारों की उम्मीदें भी जुड़ी हुई हैं। इन सपनों को साकार करने के लिए समर्पित भाव से निरंतर मेहनत करें। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य बालेश कुमार, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स,डीओसी (स्काउट) चंद्रहास सिंह, नरेंद्र कुमार, बृजेश कुमार राजपूत, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, एसपी गंगवार,अतुल कुमार रस्तोगी, मनोज कुमार यादव, विनोद कुमार यादव, तेजपाल सिंह, डॉ सुनील कुमार, भूपेंद्र पाल सिंह, मोहम्मद अनस, करनवीर सिंह, विरेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, रश्मि चौहान, अलका रानी, छवि गर्ग,कुमुद चौहान, लक्षेय,विनीत कुमार , जितेंद्र कुमार, जयप्रकाश पटेल,वाजिद हुसैन, विपिन कुमार, दयानंद शर्मा, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# झमाझम बारिश से राहत मिली, खेतों में सोना बरसा

## जलभराव से लोगों को परेशानी हुई




**बिजनौर ( चिंगारी )।** कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बाद आज मौसम की पहली झमाझम बारिश ने लोगों को बड़ी राहत पहुंचाई। हालांकि कल शाम से आसमान में बादलों का डेरा रहा और ठंडी हवा चलती रही, लेकिन आज सुबह लगभग 4 बजे से तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया।

बारिश के चलते लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली तथा तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। गर्मी की छुट्टियों के बाद आज स्कूल खुले, ऐसे में कई बच्चे बारिश का आनंद लेते हुए भीगते हुये स्कूल पहुंचे। वहीं किसानों के लिए भी यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि बारिश के रूप में खेतों में सोना बरसा है। फसलों को इसका बहुत लाभ मिलेगा। आगामी खरीफ फसलों की बुवाई के लिए भी यह वर्षा काफी उपयोगी साबित होगी।




मौसम की पहली बारिश से जहां एक ओर लोगों ने राहत की सांस ली, वहीं दूसरी ओर नगर पालिका व ग्राम पंचायतों की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। पहली ही बारिश में शहर पानी-पानी हो गया। खासकर निचले इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को बहुत दिक्कत हुई। आवास विकास कॉलोनी लबालब भर गई। सिविल लाइन में भी तालाब जैसा दृश्य नजर आया। नवयुग मार्केट और नीलकमल रोड जलमग्न हो गये। कई लोगों के घरों में भी पानी भर गया। नालियों की सफाई न होने से जलभराव की समस्या विकराल हो गई।

### किसानों के चेहरे खिले

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** आज तड़के करीब 3 बजे से शुरु हुई बारिश से भीषण गर्मी में उबल रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है। सबसे बड़ी खुशी तो उन किसानों को हुई जो बारिश न होने से निराश हो चले थे। मालूम हो कि जून का महीना सुखा जाने से जहां किसानों की फसलें मुरझाने लगी थीं, वहीं लोगों का गर्मी से बुरा हाल था, इसीलिए इंद्र देवता को खुश करने के लिए जगह-जगह छबील, भंडारे आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे थे, तब कहीं जाकर लोगों की मुराद पूरी हुई। लेखपाल संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, भूमि विकास बैंक हल्दौर के चेयरमैन राकेश कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ.राजवीर सिंह, चौ. ओमप्रकाश सिंह, डॉ. अंकित कुमार, नरेश कुमार, सुभाष चंद्र बंसल, सुरेशचंद बंसल आदि ने बताया कि यह बारिश फसलों के लिए अमृत समान है।



### मूसलाधार बारिश से राहत मिली

**चांदपुर ( चिंगारी )।** लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार मूसलाधार बारिश होने से भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों ने राहत की सास ली। बारिश होने से जहां मौसम सुहावना हो गया, वहीं रात्रि में 3 बजे से नगर की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो जाने तथा लगभग 7 घन्टे बाद सुबह साढ़े 10 बजे विद्युत आपूर्ति चालू हो सकी। बीती रात लगभग ढाई बजे मूसलाधार बारिश होने से लोगों को काफी हद तक राहत मिली। बिजलीघरों में पानी भर जाने से रात्रि से ही नगर की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प रही। इनवर्टर डाउन हो जाने से घरों में अंधेरा छाया रहा। सुबह साढ़े 10 बजे विद्युत आपूर्ति चालू होने से लोगों को राहत मिली। बारिश के लिए दुआ मांगी जा रही थी। बारिश होने से काफी हद तक राहत मिली।

# सैफई के 'टीपू' से राष्ट्रीय विपक्ष के प्रमुख चेहरे तक का सफ़र

## अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन मंगलवार को प्रदेश भर में उत्साह के साथ मनाया गया। समर्थकों के लिए यह अवसर केवल जन्मदिन का उत्सव नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक सफर, मुख्यमंत्री के रूप में किए गए विकास कार्यों तथा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के संकल्प का प्रतीक बन गया है।

एक जुलाई 1973 को इटावा जिले के सैफई गांव में जन्मे अखिलेश यादव परिवार में 'टीपू' के नाम से जाने जाते हैं। उन्होंने मैसूर से इंजीनियरिंग तथा ऑस्ट्रेलिया की सिडनी विश्वविद्यालय से पर्यावरण इंजीनियरिंग में उच्च शिक्षा प्राप्त की। वर्ष 2012 में मात्र 38 वर्ष की आयु में उत्तर प्रदेश के सबसे युवा मुख्यमंत्री बनकर उन्होंने नया राजनीतिक इतिहास रचा।

मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल को आधारभूत ढांचे के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए याद किया जाता है। उनके नेतृत्व में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, लखनऊ मेट्रो तथा 108 एम्बुलेंस सेवा जैसी परियोजनाएं शुरू हुईं। शिक्षा के क्षेत्र में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बड़े पैमाने पर नि:शुल्क लैपटॉप वितरित किए गए।

इसके अलावा साइकिल ट्रैक, दिव्यांगजनों को मोटर चालित ट्राइसाइकिल वितरण तथा यूपी-100 पुलिस आपातकालीन सेवा जैसी योजनाएं भी उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल रहीं।



अखिलेश यादव का जन्मदिन ऐसे समय में आया है, जब उनके राजनीतिक प्रभाव वाले मुरादाबाद मंडल में संगठनात्मक गतिविधियां तेज हैं।

मुरादाबाद की कांठ विधानसभा सीट से विधायक कमाल अख्तर द्वारा विधानमंडल के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद क्षेत्र की राजनीति में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि कमाल अख्तर ने इसे पार्टी हित में लिया गया निर्णय बताया है।

इधर भारतीय जनता पार्टी ने भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी चुनावी सक्रियता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हालिया मुरादाबाद दौरे और विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के साथ वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

वर्ष 2017 में सत्ता से बाहर होने के बाद अखिलेश यादव ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने उनके नेतृत्व में 37 सीटें जीतकर उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने में सफलता हासिल की। पार्टी ने पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) सामाजिक समीकरण को अपनी चुनावी रणनीति का प्रमुख आधार बनाया।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार अखिलेश यादव की शांत कार्यशैली, संगठन पर पकड़ और बदलते राजनीतिक परिदृश्य के अनुरूप रणनीति बनाने की क्षमता उनकी प्रमुख ताकत मानी जाती है। वहीं कानून-व्यवस्था और व्यापक सामाजिक समर्थन बनाए रखने जैसी चुनौतियां भी उनके सामने बनी हुई हैं। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए उनका 53वां जन्मदिन आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक मजबूती और राजनीतिक रणनीति को नई दिशा देने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है।

# पुट्ठा में बारिश में मकान झुका

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र में पहली बारिश ने जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत दिलाई और किसानों के चेहरे खिल उठे, वहीं कई स्थानों पर बारिश मुसीबत बनकर सामने आई। बरसात की पहली वर्षा से कई जगह जनजीवन प्रभावित हो गया है।



ग्राम पुट्ठा में बारिश का पानी दो मंजिला मकान की बुनियाद में भर जाने से मकान एक ओर झुक गया। मकान की दीवारों में कई जगह चौड़ी दरारें पड़ गई हैं। ग्रामीण डॉ. काजिम अली, अतर सिंह,जुल्फिकार अहमद, याकूब अली, ओमवीर पहलवान, मास्टर चेतराम, इकरामुद्दीन, कुलवंत सिंह के अनुसार मकान लगभग छह इंच तक एक ओर धंस गया है, जिससे उसके कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई है। अगर बारिश लगातार होती रही तो मकान कभी भी किसी भी पल गिर सकता है।

मकान निर्माण कार्य से जुड़े राजमिस्त्री कलवा, भूरे, फुरकान और आसिफ अली ने बताया कि बुनियाद में पानी भरने तथा नीचे की दिवार में पिलर न होने के कारण मकान का संतुलन बिगड़ गया है। यदि समय रहते मकान को सुरक्षित और सुनियोजित तरीके से नहीं तोड़ा गया तो बड़ा हादसा हो सकता है।

संभावित खतरे को देखते हुए गृहस्वामी ने परिवार की सुरक्षा के लिए मकान से घरेलू सामान निकालकर दूसरे स्थान पर शिफ्ट करना शुरू कर दिया है। वहीं गृह स्वामी मकान को ऊपरी हिस्से से उखाड़ने की प्रक्रिया पर विचार कर रहे हैं ताकि खतरे से बचा जा सके।

## मुकरपुर गुर्जर में विद्युत पोल झुक गया



उधर, मुकरपुर गुर्जर के पास बारिश के कारण विद्युत पोल ट्रांसफार्मर सहित पूरी तरह एक ओर झुक गया है। इससे कभी भी पोल गिरने और हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्राम प्रधान सोनू गुर्जर, डॉक्टर बबलू, रमेशपाल, सुरेंद्र सिंह, रामपाल आदि ने बिजली विभाग से तत्काल पोल को ठीक कराने और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है।

# दो माह से लापता हैं मजदूर के चार बच्चे

**स्योहारा ( चिंगारी )।** दो माह बीतने पर भी घर से गायब तीन बच्चों को ढूढने में पुलिस नाकाम साबित हुई। ग्राम पित्थापुर खालिकनगर निवासी पिता की तहरीर पर गुमशुदगी लिखी गई थी जिसको अब मुकदमे में तरमीम किया गया। पीड़ित का कहना है कि 30 अप्रैल से तीन पुत्रियां और एक पुत्र लापता है। मामले की जांच में जुटी सर्विलांस/एसओजी की टीम को अंतिम लोकेशन दिल्ली पहुंचने तक की मिली।

ग्राम पित्थापुर खालिकनगर निवासी नसीम अहमद ने बताया कि 30 अप्रैल की सुबह वह मेहनत मजदूरी के लिए गया था। घर पर उसकी 19 पुत्री वरिसा,18 वर्षीय पुत्री तसलीमा, 17 वर्षीय पुत्र नदीम और 13 वर्षीय पुत्री नसरीन घर पर थे। नसीम मजदूरी करके सायं साढ़े सात बजे घर वापस आया तो घर पर चारों बच्चे नहीं थे। उसने पुलिस में दी तहरीर में बताया कि उसकी सबसे बड़ी पुत्री वरिसा के साथ बिना बताये सारे बच्चे चले गए हैं। उसने बच्चों को काफी तलाश किया, परंतु उनका कोई पता नहीं चल सका। पिता नसीम का कहना है कि उसने अपनी सभी रिश्तेदारियों में भी तलाश किया, लेकिन बच्चों का कहीं कुछ पता नहीं चला है। उसने बताया कि तसलीमा और नदीम बोलने में तुतलाते हैं व नाक, आंख, कान, चारों के औसत हैं। वरिसा के सीधे हाथ की ऊंगली जली हुई है। पुलिस ने पहले गुमशुदगी दर्ज की, बाद में अब मुकदमा में तरमीम किया गया है।

# पांचवीं बार समिति के जिलाध्यक्ष बने हाशिम अहमद, पत्रकार खुश

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** नजीबाबाद निवासी वरिष्ठ पत्रकार हाशिम अहमद को अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (एबीपीएसएस) का लगातार पांचवीं बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने जाने पर नगर व क्षेत्र के पत्रकारों ने खुशी का इजहार किया है। सुभाष तोमर, फिरोज बेग, डॉ.एएच साबरी, राजेंद्र सिंह चौहान, शाहिद सिद्दीकी, गौरव गुप्ता, सुखचैन सिंह, वेदपाल सिंह आदि पत्रकारों ने हाशिम अहमद को बधाई देते हुए इस चुनाव हेतु संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह का भी आभार जताया और नजीबाबाद सहित जनपद के उन सभी पत्रकारों को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने पत्रकारों के दुख-सुख में काम आने वाले हाशिम अहमद के हाथों को एक बार फिर मजबूत किया है।



हाशिम अहमद का फोटो।

# बूंद-बूंद पानी के लिये तरस रहा खेड़ा

## वाजिदपुर में बनी टंकी का कोई लाभ नहीं

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** हल्दौर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत वाजिदपुर में बनी टंकी का पानी गांव खेड़ा में लोगों के घरों तक नहीं पहुंच पा रहा, जबकि गांव के अधिकतर हैंडपंप या तो सूख चुके हैं या फिर दूषित जल उगल रहे हैं। इसी कारण भीषण गर्मी के इस मौसम में लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए जद्दो जहद करनी पड़ रही है। शिकायत के बावजूद संबंधित अधिकारी मूकदर्शक बने हैं, लोगों में भारी निराशा है।

आरोप है कि गांव की पेयजल आपूर्ति पिछले लगभग दो माह से ठप्प पड़ी है। 24 घंटे में कभी कभार पानी छोड़कर इतिश्री कर दी जाती है। उसका भी कोई निश्चित शेड्यूल नहीं है। कुछ देर के लिये अचानक पानी की सप्लाई से पूरे गांव का भला होने वाला नहीं है।

सुमित कुमार, जोगेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, बहादुर सिंह, संजीव कुमार, रेखा देवी आदि ग्रामीणों का कहना है कि रोजमर्रा के कामों के लिए पानी नसीब नहीं हो रहा। मजबूरन लोगों को दूर दराज खेतों में लगे समरसेबल से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है।

उनका यह भी कहना है कि लाखों की लागत से पानी की टंकी बनने के बाद भी अगर प्यासा रहना पड़े तो ऐसी व्यवस्था का क्या लाभ ? उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर एक हफ्ते के अंतराल में पेयजल आपूर्ति में सुधार नहीं कराया गया तो तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# डीएम ने गौशालाओं की व्यवस्थाओं की समीक्षा की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशों की देखभाल, भरण-पोषण और चिकित्सा व्यवस्था की समीक्षा को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने गौ संरक्षण को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में बताते हुए सभी संबंधित विभागों को बेहतर समन्वय के साथ व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद की चारागाह भूमि को प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमणमुक्त कराया जाए तथा गौशालाओं में हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चारा स्रोतों और उपलब्ध भूमि की मैपिंग कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौ आश्रय स्थल पर नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण हरे चारे की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी और अधिशासी अधिकारियों को सभी गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिन गौ आश्रय स्थलों पर जलभराव की समस्या है, उसका शीघ्र समाधान करने को कहा, ताकि वर्षा ऋतु में गौवंशों को परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने सभी गौशालाओं में समय पर भूसा, स्वच्छ पेयजल, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और बीमार अथवा घायल गौवंशों के तत्काल उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# बिजनौर में मनाया गया राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस




**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर जनपद बिजनौर के अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत के महान सांख्यिकीविद् प्रो. पी.सी. महालनोबिस को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सांख्यिकी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं अर्थ एवं संख्या अधिकारी कुमारी लक्ष्मी देवी ने प्रो. महालनोबिस के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सटीक और विश्वसनीय आंकड़े ही प्रभावी नीतियों, पारदर्शी प्रशासन तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण का मजबूत आधार हैं। इस अवसर पर विभाग के अपर सांख्यिकी अधिकारी सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं उत्कृष्ट प्रबंधन में अपर सांख्यिकी अधिकारी आजम परवेज खान का विशेष योगदान रहा।

# अटे पड़े हैं रेहड़ के नाले, चिंतित हैं गांव वाले

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** आबादी के घरेलू गंदे पानी एवं बरसात के पानी की निकासी हेतु बनाए गए रेहड़ के कई नाले/नालियां कूड़े-कचरे से बुरी तरह अटे पड़े हैं, जिससे वर्षा ऋतु के मद्देनजर लोग जलभराव की समस्या को लेकर चिंतित हैं। बिना बरसात के भी इन नालों/नालियों में आबादी के रोजमर्रा के गंदे पानी की निकासी ठीक से न हो पाने के कारण कई जगह गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, जो आवागमन में भी ग्रामीणों की परेशानी का सबब बना हुआ है। पीपल वाले शिव मंदिर से लेकर हाईवे किनारे तक, मेन बाजार में स्थित अजहर हलवाई की दुकान से लेकर बस


रेहड़ में अटा पड़ा नाला।

स्टैंड तक एवं बाबू अंसारी के घर से इंटर कॉलेज तक बने कच्चे/पक्के नाले सफाई न हो पाने के कारण कूड़े-कचरे से लगभग बंद से हो गए हैं। इनमें बरसात के पानी की निकासी तो दूर घरों के पानी की निकासी भी पूरी तरह नहीं हो पा रही है। इस समस्या पर ग्राम पंचायत द्वारा कोई ध्यान न दे पाने से ग्रामीण नाराज हैं। ग्रामीणों ने बीडीओ सहित सक्षम अधिकारियों से समय रहते इन नालों की तलीझाड़ सफाई की मांग की है। इस संबंध में पंचायत सचिव नौबहार सिंह का कहना है कि समय-समय पर सफाई कराई जाती रही है और आवश्यकतानुसार आगे भी सफाई कराई जाएगी।

# अवैध खनन पर शिकंजा, दो वाहन सीज

**बिजनौर (चिंगारी)।** शासनादेश के अनुपालन में गठित जनपदीय स्तरीय टास्क फोर्स के निर्देशन में 29 एवं 30 जून 2026 की रात्रि में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) की अध्यक्षता में खनन अधिकारी बिजनौर तथा उपजिलाधिकारी नगीना ने तहसील नजीबाबाद के रायपुर और तहसील नगीना क्षेत्र में अवैध खनन, खनिज परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान गढ़मलपुर (नजीबाबाद) क्षेत्र में बिना वैध प्रपत्रों के लगभग 30-30 घनमीटर बालू का परिवहन करते हुए दो वाहनों को पकड़ा गया। दोनों वाहनों को थाना नजीबाबाद की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया है तथा उनके विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त जांच के दौरान एक अन्य वाहन में वैध परिवहन प्रपत्र होने के बावजूद निर्धारित क्षमता से लगभग आठ घनमीटर अधिक बालू का परिवहन (ओवरलोडिंग) पाया गया। संबंधित वाहन का ऑनलाइन चालान करते हुए 28,360 का जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान सहायक परिवहन अधिकारी एवं पीटीओ से संयुक्त जांच के लिए संपर्क किया गया, लेकिन उनके अवकाश पर होने की सूचना मिली। जनपद प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन, बिना वैध प्रपत्र खनिज परिवहन तथा ओवरलोडिंग के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**यहां भी हो रहा खनन : सूत्रों के अनुसार सुन्दरवाली, जहानाबाद और नरुल्लापुर घाट पर जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से अवैध खनन किए जाने की चर्चा है।**

# 'छोटी सी भूल' फिल्म के 25 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** फिल्म के निर्माता निर्देशक आलोक गोविल के अनुसार पल्स पोलियो अभियान पर बनी फिल्म छोटी सी भूल वर्ष 2001 में रिलीज हुई थी। फिल्म का मुहूर्त पूर्व सांसद भाजपा राजा भारतेंद्र सिंह और दैनिक बिजनौर टाइम्स के संपादक चंद्रमणि रघुवंशी ने किया था। इस फिल्म को रिलीज भी राजा भारतेंद्र सिंह और चंद्रमणि रघुवंशी ने किया था। फिल्म को बहुत सराहना मिली थी। फिल्म में अभिनय आलोक गोविल, नीलम, वीके सूद, सरदार रविन्द्र सिंह, डॉ. विपिन मोहन वशिष्ठ, बेबी आयुषी, दीपा शर्मा ने किया था। फिल्म का संगीत एच बसंत ने दिया तथा गायक रवि शंकर मोनू थे। गीतकार रामा शंकर राज हैं। बिजनौर प्रदर्शनी में पूरे एक माह तक बड़े पर्दे पर फिल्म का प्रदर्शन करवाया था। डब्लूएचओ के स्विटजरलैंड स्थित कार्यालय द्वारा भी फिल्म की डीवीडी खरीदी गई। यूनिसेफ से भी फिल्म की प्रशंसा के पत्र आए थे। फिल्म का निर्देशन पुनीत अग्रवाल ने किया था तथा इसके लेखक और निर्माता आलोक गोविल और रैना गोविल हैं। फिल्म के 25 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अशोक आर्य, मनोज शर्मा, तारिक मसरूर उर्फ सोनू, हेमेंद्र उर्फ विक्की, सोनल, विनोद आदि मौजूद रहे।


फिल्म का एक दृश्य

# पारिवारिक कलह से तंग आकर, रामलाल ने जान दी फांसी लगाकर

**राजा का ताजपुर (चिंगारी)। सैनी धर्मशाला के पास एक व्यक्ति ने पारिवारिक कलह में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेज दिया।**

ताजपुर के मौहल्ला सैनी धर्मशाला निवासी होशियार सिंह के पुत्र रामलाल सिंह (55 वर्ष) का दोपहर दो बजे के आसपास जब घर कोई नहीं था, फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी सपना रानी ने बताया है कि वह घर के काम से बाहर गई थी। मेरा बेटा कमरे में सोया हुआ था, बेटी हरिद्वार गई हुई थी। सपना ने घर में आकर देखा तो रामलाल फांसी के फंदे पर लटके हुए थे। यह मंजर देख कर उसके पैरों की जमीन खिसक गई। सपना की चीख-पुकार सुनकर मौहल्लेवासियों ने मौके पर पहुंचकर रामलाल को ताजपुर के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर सीओ देश दीपक कुमार, थाना प्रभारी प्रवेज कुमार फोरेंसिक जांच टीम के साथ पहुंचे। सीओ देश दीपक सिंह ने बताया है कि घटना की बारीकी के साथ जांच की जा रही है। कस्बे में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा चल रही है।

# श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ रवाना

**चांदपुर (चिंगारी)।** कल दोपहर बाद श्रृद्धालुओं का जत्था बसों में सवार होकर पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। भाजपा नेत्री श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल ने बस के नीचे गोला रखकर यात्रा पर रवाना हो रहे श्रद्धालुओं को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। इस अवसर पर शक्ति भारद्वाज ने सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए भगवान भोलेनाथ से सभी पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।




# ग्रामीणों को झटका, पानी की टंकी का निर्माण अधर में लटका

**सरदार हरमन्दर सिंह**

**खासपुरा (चिंगारी)।** नूरपुर विकास खंड के ओलियापुर गांव स्थित 'नमामि गंगे' और 'हर घर जल' योजना के तहत बन रही पानी की टंकी का काम अधूरा पड़ा है। 193.4 लाख रुपए की लागत से बनने वाली यह टंकी मई 2026 तक पूरी होनी थी, लेकिन निर्धारित समय-सीमा बीतने के बाद भी इसका निर्माण कार्य लंबित है।

यह परियोजना 2022 को शुरू हुई थी और इसे मई 2026 तक पूरा किया जाना था। लगभग 4 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी इसका ज्यादा से ज्यादा निर्माण कार्य भी पूरा नहीं हो पाया है। कार्यदायी संस्था के बोर्ड पर अंकित समयावधि को भी दर्ज नहीं है।

ग्राम प्रधान कर्मेंद्र सिंह ने बताया यह योजना 2022-23 में आरम्भ हुई थी, जिसे इसी कार्यकाल में 2026 में समाप्त होना थी, लेकिन इस परियोजना में गांव ओलियापुर-रसूलपुर में पाइपलाइन डाली गई है, लेकिन पानी केवल ग्राम ओलियापुर में ही आता है। टंकी का निर्माण नहीं हुआ है, टंकी का केवल स्ट्रक्चर ही तैयार हुआ है। पानी डायरेक्ट चलाया जाता है, टंकी निर्माण न होने के पानी का प्रेशर कम है। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई यह योजना अपने निर्धारित समय से काफी पीछे चल रही है।

## स्थानीय निवासियों का कहना है-



यह बेहद चिंताजनक और गंभीर स्थिति है। ग्रामीण पेयजल योजनाएं ग्रामीण जीवन को सुगम बनाने के लिए लाई जाती हैं, लेकिन करोड़ों रुपए की लागत से बनी टंकी का काम आधा-अधूरा पड़े रहना और योजना का शुरू न होना सीधे तौर पर जनता के संसाधनों की बर्बादी और प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। - **बरियाम सिंह**



यहां न तो पानी की टंकी स्थापित की गई और न ही शुद्ध पेयजल की कोई प्रभावी व्यवस्था की गई। परिणामस्वरूप ग्रामीण आज भी हैंडपंपों और अन्य पारंपरिक जल स्त्रोतों पर निर्भर रहने को मजबूर हैं। - **जगपाल सिंह**



जिला प्रशासन एवं जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारी इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करेंगे, ताकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का वास्तविक लाभ गांव के प्रत्येक परिवार तक पहुंच सके।- **रामचंद्र सिंह**



यह सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, इस पेयजल योजना के निर्माण के लिए मैंने अपनी जमीन में से बारह बिसे जमीन दान दी थी। यह कार्य जल्दी से जल्द पूर्ण हो, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सके। - ग्राम प्रधान ओलियापुर - **कार्मेंद्र सिंह**

## कब आयेगा मैसेज ?

जल निगम योजना के अधिशाक्षी अभियंता राकेश चौधरी से फोन पर जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने मीटिंग में व्यस्त होना बताया। उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप मैसेज पर लिख दीजिए आपको सारी जानकारी दे दी जाएगी, लेकिन एक हफ्ता गुजरने के बाद भी जानकारी नहीं मिल पाई है।

## अब 2028 तक पूर्ण होगी कार्य योजना

**निर्माण एजेंसी के नोडल अधिकारी ने बताया कि यह कार्य योजना 2026 से बढ़कर 2028 कर दी गई है। सरकार की तरफ से जैसे-जैसे बजट आता है वह कार्य योजना में लगा दिया जाता है और जल्द से जल्द इस कार्य का निर्माण कराया जाएगा।**

# बीबीपुरा के युवक की सरूरपुर में ढाबे पर पीट-पीटकर हत्या

**चांदपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम बीबीपुरा निवासी एक व्यक्ति की गाजियाबाद जाते समय रास्ते में कुछ लोगों द्वारा लाठी-डंडों से पिटाई की गई। बाद में उसकी उपचार के लिए मेरठ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मंगलवार को दोपहर बाद पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर जाम लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी ने भी गांव पहुंचकर आश्वासन दिया कि उन्हें इंसाफ मिलेगा। ग्राम बीबीपुरा निवासी मोहसिन (30 वर्ष) पुत्र महबूब फल का ठेला लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। सोमवार को मोहसिन अपने छोटे भाई नईम के साथ बस से गाजियाबाद से अपने बीबी-बच्चों को लेने के लिए जा रहा था। सरूरपुर के पास हाईवे किनारे ढाबे पर बस रूकने पर वहां पहुंचे लोगों ने मोहसिन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए मोहसिन को उपचार के लिए पहले गढ़मुक्तेश्वर व वहां से मेरठ ले जाया जा रहा था, लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। मंगलवार को दोपहर बाद पोस्टमार्टम के बाद मोहसिन का शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि जमीनी विवाद के चलते गांव के ही लोगों ने लाठी-डंडों से पीटकर मोहसिन की हत्या कर दी। मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने आरोपियों को कठोर से कठोर सजा दिये जाने की मांग को लेकर जाम लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी ने गांव पहुंचकर मृतक मोहसिन के परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मृतक के परिजनों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि उनके साथ इंसाफ होगा तथा मोहसिन के हत्यारों को कड़ी सजा मिलेगी।



मृतक मोहसिन का फाइल फोटो

## शव गांव आने पर परिजनों व ग्रामीणों ने जाम लगाया



मृतक के परिजनों व ग्रामीणों से बात करते कपिल चौधरी।

# दबंगों ने मारपीट की, फायर किया

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम रोनिया में दबंगों द्वारा मारपीट किए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। मोहित पुत्र सुशील कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 28 जून 2026 की रात्रि लगभग 10 बजे अपने ताऊ के घर से अपने घर जा रहा था। आरोप है कि गांव के आकाश नामक युवक ने उसे रोक लिया और बदतमीजी करने लगा। विरोध करने पर तब तो वह चला गया, लेकिन कुछ देर बाद ही आकाश अपने भाई विकास, आशु, प्रिंस को लेकर आ गया और जाति सूचक शब्दों के साथ उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगा। शोर सुनकर आए लोगों को देख वह फायर कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

# प्रजापति समाज को अपनी ताकत का अहसास कराना होगा : दारा सिंह

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुजफ्फरनगर लोकसभा के पूर्व सांसद प्रत्याशी दारा सिंह प्रजापति ने कहा कि समाज को राजनीतिक रूप से मजबूत और संगठित होने की आवश्यकता है। राजनीतिक सम्मान और भागीदारी केवल वोट देने से नहीं, बल्कि अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कराने से मिलती है। एक भेंट वार्ता में जब उनसे उत्तर प्रदेश भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी में प्रजापति समाज के एक भी प्रतिनिधि को स्थान न मिलने के संबंध में प्रश्न पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब प्रजापति समाज बिना किसी शर्त के लगभग 90 प्रतिशत वोट एकतरफा किसी दल को देता है, तो फिर उस समाज को संगठन में दायित्व देने की आवश्यकता राजनीतिक दल क्यों महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति में सम्मान उसी को मिलता है, जो अपनी ताकत दिखाता है। उन्होंने कहा कि प्रजापति, कुम्हार, सैनी, विश्वकर्मा एवं अन्य श्रमशील समाजों को केवल वोट बैंक बनकर नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपनी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठित प्रयास करने होंगे। दारा सिंह प्रजापति ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में स्वयं एक सीट से तथा अपने पुत्र देवेश प्रजापति को दूसरी सीट से चुनाव मैदान में उतारने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि समाज की राजनीतिक पहचान मजबूत करने के लिए चुनावी मैदान में उतरना आवश्यक है। इस दौरान मेरठ के वरिष्ठ समाजसेवी भोलूराम प्रजापति, अमरोहा से राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिवनाथ सिंह 'शिव', राष्ट्रीय प्रजापति महासभा बिजनौर के जिलाध्यक्ष पंकज दक्ष, नजीबाबाद के नानंक चंद आढ़ती, डॉ. करन सिंह प्रजापति, बिजनौर के वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र सैनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# ज्योत्सना त्यागी को समारोहपूर्वक विदाई दी

**बिजनौर (चिंगारी)।** राजकीय आईटीआई बिजनौर में 29 वर्ष की शासकीय सेवा सकुशल पूर्ण कर सेवानिवृत होने पर श्रीमती ज्योत्सना त्यागी फोरमैन को दिनांक 30 जून को एक निजी बैंकट हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया। विदित हो कि श्रीमती ज्योत्सना त्यागी की प्रथम नियुक्ति 28 मई 1997 को राजकीय आईटीआई में स्टेनो अनुदेशक के पद पर हुई थी, जो बाद में पदोन्नत होकर फोरमैन हो गई थीं। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने अपने संबोधन में उन्हें ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ एवं व्यवहार कुशल कर्मचारी बताते हुए उनके आगामी सुखमय जीवन की कामना की। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने वर्तमान परिस्थितियों में श्रीमती ज्योत्सना द्वारा निर्विवाद रूप से शासकीय सेवा पूर्ण सकुशल सेवानिवृत्त होना बड़ी उपलब्धि बताया तथा इस हेतु उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई नजीबाबाद के प्रधानाचार्य आंचल कुमार, पंकज अग्रवाल, दीपक गुप्ता, राकेश शर्मा, आशीष सक्सेना, देवेंद्र कुमार, मनोज चौहान, योगेश कुमार, नीरज चौधरी, दिवाकर चौधरी, सुशील कुमार, नीरज शर्मा, विकास कुमार, मोहम्मद फुरकान समेत सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी एवं श्रीमती ज्योत्सना के परिजन उपस्थित रहे।




# राहगीरों को शीतल शरबत पिलाया



**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** कल जब भीषण गर्मी थी, तब राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए बिश्नोई समाज के लोगों एवं अन्य ग्रामीणों ने शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। नहटौर मार्ग पर पीतनहेड़ी गांव स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के निकट आयोजित इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में राहगीरों को शीतल शरबत पिलाया गया। कार्यक्रम में नन्हे बालक सुकेत विश्नोई ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इसके अलावा डॉ. प्रदीप विश्नोई, पवन विश्नोई, दीपक विश्नोई, शेर सिंह विश्नोई, कुमारी वृंदा विश्नोई, काजल विश्नोई, राजबाला विश्नोई, सुनीता विश्नोई, हर्षित विश्नोई तथा वरिष्ठ पत्रकार पंकज कुमार दक्ष सहित अन्य लोगों ने राहगीरों को शरबत वितरित किया।

# आरआर पब्लिक स्कूल में हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**नूरपुर (चिंगारी)।** यहां स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में सीबीएसई की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला शिक्षा को अधिक व्यावहारिक और रोचक बनाने के लिए 'करके सीखना' विषय पर आयोजित किया गया, जिसमें 46 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यशाला का शुभारंभ सीबीएसई द्वारा नियुक्त कार्यशाला रिसोर्स पर्सन डॉ. प्रशांत कुमार एवं मीनाक्षी, प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को ऐसे नवाचारपूर्ण तरीके सीखाना था, जिसमें छात्र रटने के बजाय खुद गतिविधियों में शामिल होकर सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान आसानी से प्राप्त कर सकें। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन डॉक्टर प्रशांत कुमार व मीनाक्षी ने कहा कि कैसे किताबी ज्ञान को वास्तविक जीवन की समस्याओं और परियोजनाओं से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों तथा बच्चों की क्षमता के विकास के संबंध में शिक्षण कार्य के विषय में अवगत कराया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता व उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह ने सीबीएसई द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह व पौधा भेंट कर सम्मानित किया। स्वाति यादव के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में चंचल कटारिया, नीरज त्यागी, नरेंद्र सिंह, अनुराग शर्मा, वीरेंद्र सिंह, संजीव डबास, रंजना चौहान, शैलेंद्र कौर, अलका चौहान, मोनिका राजपूत, कुसुम लता, अनिल शर्मा, प्रीति चौहान, रीता त्यागी, बबीता पाल, शाहीन परवीन, मीनू वर्मा, रीना रानी, वीरेंद्र चौहान, प्राची चौहान आदि ने प्रतिभाग किया।

# सपाइयों ने अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया

## अदनान राईन ने दीर्घायु की कामना की

**शेरकोट (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर के मोहल्ला शेखान स्थित सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अदनान राईन के आवास पर केक काटकर अखिलेश यादव के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की गई और 2027 में अखिलेश यादव को पुन: प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया।

आज की सुबह आयोजित हुए कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अदनान राईन ने कहा कि प्रदेश का युवा, किसान, मजदूर, पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक सहित हर वंचित आज अखिलेश यादव के नेतृत्व की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पीडीए की ताकत ही प्रदेश की राजनीति की दिशा और दशा तय करेगा। उन्होंने अखिलेश यादव की दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि वे केवल एक नेता नहीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के सपनों, संघर्षों और उम्मीदों का नाम हैं, जिन्होंने प्रदेश को विकास, सौहार्द और सामाजिक न्याय की नई पहचान दी थी। जन्मदिन कार्यक्रम में सपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी के समर्थन में नारे लगाए। इस अवसर पर नगराध्यक्ष बरकत अब्बासी, जिया अहमद सेट्टू, वसीम अब्बासी, कृपाल सिंह सैनी, अजमतुल्ला अब्बासी, नाजिम मलिक, मोहम्मद अर्श, शेख शुऐब आदि उपस्थित रहे।



# प्रयोगात्मक परीक्षा के नाम पर दो-दो हजार की अवैध वसूली

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** अफजलगढ़ महाविद्यालय में एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर (गृह विज्ञान) की प्रयोगात्मक परीक्षा को लेकर छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पहचान उजागर न करने की शर्त पर कई छात्राओं ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा के नाम पर प्रत्येक छात्र से दो-दो हजार रुपये लिए गए। छात्राओं का कहना है कि यह राशि परीक्षा से पहले जमा कराने का दबाव बनाया गया। छात्राओं के अनुसार, जब एक अभिभावक ने इस राशि को लेकर आपत्ति जताई तो उसे कम अंक दिए जाने की बात कहकर डराने का प्रयास किया गया। छात्राओं का कहना है कि इसी वजह से अधिकांश छात्राएं खुलकर सामने आने से डर रही हैं और उन्होंने अपना नाम प्रकाशित न करने का अनुरोध किया है। छात्राओं का यह भी कहना है कि कॉलेज की नियमित फीस पहले ही जमा कराई जा चुकी है, इसके बावजूद प्रयोगात्मक परीक्षा के नाम पर अलग से हजारों रुपये लिए जा रहे हैं। उनका सवाल है कि जब कॉलेज की पूरी फीस जमा है तो फिर अतिरिक्त धनराशि किस आधार पर वसूली जा रही है। छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया कि कॉलेज कार्यालय की ओर से समय-समय पर फोन कर अनुपस्थित दर्ज करने की बात कहकर दबाव बनाया जाता है, जिससे छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक मानसिक तनाव में रहते हैं। छात्राओं का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस संबंध में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का कहना है कि प्रयोगात्मक परीक्षाओं में विद्यार्थियों को अंक उनके प्रदर्शन, विषय ज्ञान और प्रयोगात्मक कौशल के आधार पर दिए जाते हैं। विश्वविद्यालय की ओर से प्रयोगात्मक परीक्षा या अंक दिलाने के नाम पर किसी भी प्रकार की अतिरिक्त धनराशि लेने का कोई प्रावधान नहीं है। जब इस संबंध में अफजलगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा, यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। यदि इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसकी जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक की टक्कर से पति-पत्नी घायल

**नांगल सोती (चिंगारी)।** सामने से आ रही बाइक की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गये। परिजनों ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। मंडावर थानांतर्गत ग्राम खानपुर माधो उर्फ तिमरपुर निवासी महबूब अली तथा उसकी पत्नी शहनून कल बाइक से लाइफ लाइन हॉस्पिटल, मोटा महादेव (थाना मंडावली) में किसी रिश्तेदार की खैर-खबर लेने जा रहे थे। नांगल-मंडावली मार्ग पर ग्राम अभिपुरा के पास मंडावली की ओर से आ रही बाइक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में महबूब अली के दाएं पैर का पंजा बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, जबकि शहनून के कंधे, मुंह और सिर में चोट लगी है। टक्कर मारने के बाद दूसरी बाइक का चालक सलमान पुत्र इशहाक उर्फ सुक्के निवासी ग्राम कामराजपुर, थाना नांगल बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। घायल दम्पति के पुत्र मोहसिन ने आरोपी बाइक चालक सलमान के विरुद्ध नांगल पुलिस को तहरीर सौंपी है।

# सवा महीने के बाद स्कूल पहुंचे बच्चे




इलाही बख्श स्कूल में बच्चों का स्वागत करते हुए शिक्षक-शिक्षिका।

## टीचर्स ने फूल देकर किया स्वागत

**अफ़ज़लगढ़ (चिंगारी)।** गर्मी की छुट्टियों के बीतने के बाद बुधवार को क्षेत्र के स्कूल बच्चों से गुलजार हो गए। बच्चों के चेहरों पर उस वक्त मुस्कान और गहरी हो गई, जब स्कूलों में बच्चों का स्वागत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने फूल इत्यादि देकर किया। बच्चों ने स्कूल में पहुंच कर अपनी कक्षाओं में बस्तों को रखा। उन्हें देखकर यह बड़ी खुशी हुई कि उनकी कक्षाएं खूबसूरत तरीके से सजी हुई थीं। उसके बाद बच्चे स्कूलों के मैदान में समूह बनाकर खेलते कूदते नजर आए। कस्बे में काशीपुर मार्ग स्थित इलाही बख्श पब्लिक स्कूल में एक जुलाई का दिन प्रसन्नता भरा रहा। कक्षाओं में बच्चों ने एक दूसरे के साथ अपने छुट्टियों के अनुभव बांटे। पहले दिन हंसी-खुशी के माहौल में कक्षाओं का संचालन हुआ और बच्चों ने पढ़ाई की। निदेशक मुफ्ती मोहम्मद इरफान कासमी ने अपने संदेश में कहा कि छुट्टियों के बाद अध्यापक उत्साहपूर्वक शिक्षण कर रहे हैं। हालांकि पहले दिन बच्चों की संख्या कम रही है।

# मौलाना सलमान हुसैन नदवी को श्रद्धांजलि दी

**चांदपुर (चिंगारी)।** अब्दुल वहीद मेमोरियल वैलफेयर सोसाइटी की शोक सभा में हज़रत मौलाना अल्लमा सलमान हुसैनी नदवी के इंतकाल पर दु:ख जताया गया। नगर के मुहल्ला चाहसंग स्थित सोसायटी कार्यालय पर मौ. इल्तिफ़ात की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में मौलाना अल्लमा सलमान हुसैनी की मगफिरत के लिए अल्लाह ताला से दुआ की गई। शोक सभा में मौ इल्तिफ़ात, खुर्शीद अख्तर, डा. मौ. शुऐब, मौ. नादिर बेग एडवोकेट, गुफरान अहमद, मौ. इफ्तिखार, मौ. कामरान, मौ. फैज, मौ. आबिद खान, मौ. साथी, मोसिन अली, मौ. अशरत, हाफिज अब्दुल रहमान, संजय कुमार, डा. फैजान आदि मौजूद रहे।

# ऊपर वाले ने सुन ली पुकार बारिश से मौसम खुशगवार

**नांगल सोती (चिंगारी)।** पिछले कई दिनों से पड़ रही असहनीय गर्मी से बीती रात्रि से बारिश शुरू होने पर लोगों को बड़ी राहत मिली है। भयंकर गर्मी, असहनीय उमस से बेहाल हो रहे लोग कई दिनों से दिन-रात बारिश होने की प्रार्थना कर रहे थे। बारिश से इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी प्रफुल्लित हो उठे हैं तथा मुरझाई फसलें व वनस्पति खिल उठी हैं। पिछले कई दिनों से पड़ रही भयंकर गर्मी ने लोगों की हालत खराब कर रखी थी। असहनीय गर्मी पड़ने से लोग त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहे थे। गर्मी के सामने पंखे, कूलर भी फेल हो गये थे। इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी बेहाल थे। फसलें भी मुरझा रही थी। आखिरकार परमपिता परमेश्वर ने धरतीवासियों की प्रार्थना सुन ही ली। देर रात्रि से हल्की-हल्की बारिश होनी शुरू हो गई थी। जबकि तड़के से बादल खुलकर बरसने शुरू हुए। काफी देर तक अच्छी बारिश हुई। बारिश होते ही आग की लपटों जैसी महसूस होने वाली हवा में ठंडक आ गई। भयंकर गर्मी से हांफ रहे लोगों को ऐसा लगा जैसे नया जीवन मिल गया हो। बारिश होने से मौसम सुहावना हुआ, तो इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी प्रफुल्लित हो उठे।

# नवागत औषधि निरीक्षक शर्मा का स्वागत किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को नवागत औषधि निरीक्षक (डीआई)पीयूष कुमार शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दवा व्यापार से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं चुनौतियों से औषधि निरीक्षक को अवगत कराया। श्री पीयूष कुमार शर्मा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि उनका प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक एम.पी. सिंह, जिलाध्यक्ष सुबोध कुमार, चेयरमैन देवेश कुमार, मुख्य सचिव के.के. अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारिक भाई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पाशा, उपाध्यक्ष इंद्रदेव, संगठन मंत्री खरबंदा, उपाध्यक्ष सोमपाल (सोनू), गौरव जैन तथा वैक्सीन वर्ल्ड के प्रतिनिधि सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



# अमानगढ़ में चार माह के लिए जंगल सफारी बंद

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में जंगल सफारी के वर्तमान इको पर्यटन सत्र का कल 30 जून को समापन हो गया। पर्यटक अब चार माह बाद अर्थात नवंबर माह से यहां की सैर कर पाएंगे। हालांकि इस सत्र का समापन 15 जून को ही हो जाना था, लेकिन शासन द्वारा 15 दिन और बढ़ाकर इसको 30 जून तक कर दिया गया था।

## 9 विदेशियों सहित 3537 पर्यटकों ने की जंगल सफारी

इस बार 2 नवंबर 2025 से 30 जून 2026 तक जिप्सियों ने जंगल सफारी हेतु वन क्षेत्र में 789 राउंड लगाए, जिनमें 3537 पर्यटकों ने सफारी की जिसमें जर्मनी, यूएसए व कनाडा से आए 9 विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। पर्यटकों ने जंगल सफारी के दौरान यहां हाथी, टाइगर, भालू, गुलदार, हिरन, पक्षियों वन्यजीवों सहित नाना प्रकार के पक्षियों आदि के दीदार किए और यहां की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को करीब से देख आनंदित हुए।



जिप्सियों में सवार जंगल सफारी को जाते पर्यटकों का फाइल फोटो।

## पर्यटकों ने फीडबैक पंजिका में अपने सुझाव दर्ज किये

**यहां आए पर्यटकों ने जंगल सफारी का ट्रैक बढ़ाने, आने और जाने का मार्ग अलग-अलग करने आदि कई प्रमुख सुझाव विभागीय फीडबैक पंजिका में अंकित किए हैं। पर्यटकों ने जलपान की व्यवस्था हेतु कैन्टीन व कैफेटेरिया चालू कराने एवं शौचालय आदि की व्यवस्था की भी मांग रखी है।**

## और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायेंगे- रेंजर



**अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया की क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंकिता किशोर ने यहां वर्तमान पर्यटन सत्र की मंगलवार को समाप्ति की पुष्टि करते हुए कहा कि आने वाले पर्यटन सत्र में अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में जंगल सफारी हेतु पर्यटकों के लिए और बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां जंगल सफारी हेतु आने वाले पर्यटकों का सुखद अनुभव ही हमारी सबसे बड़ी सफलता है जिसके लिए हम सदैव प्रयासरत रहेंगे।**

आज का विचार

## इस यक्ष-प्रश्न का उत्तर नहीं मिलता

-सत्यराज



सर्व सत्य है कि धर्म हमें जोड़ता है, फिर चाहे समाज हो अथवा परिवार। आज के वर्तमान में राम मंदिर निर्माण और उसके प्रति आस्था इसका ज्वलंत उदाहरण है। मंदिर निर्माण की विहंगमता ने सिद्ध कर दिया है कि निर्माण में जुड़े लोगों ने अपना धर्म, कर्म पूर्ण निष्ठा से निभाया है, लेकिन बाद की व्यवस्था में लगे अनेक लोगों ने जब मंदिर में आ रहे चढ़ावे में नगदी और सोने-चांदी के जवाहरात देखे तो उनके अंदर का लालची शैतान जाग गया। एक सी मानसिकता के लोगों का झुंड भी आसानी से इकट्ठा हो जाता है। इस लालची गिरोह ने सोचा कि चढ़ावे के समुद्र से एक-दो लोटा पानी रोज निकाल भी लेंगे तो समुद्र के अस्तित्व पर कहां अंतर पड़ेगा। बस यही सोचकर ये सब बुरे लोग एक साथ अपने-अपने लोटा, बाल्टी के आयतन की बराबर समुद्र से पानी निकलने लगे और अपना आर्थिक विकास करने में लग गये। लालची लोगों ने यह भी नहीं सोचा कि 15-20 हज़ार रुपए महीना पारिश्रमिक पाने वाले तुम कैसे लाखों-करोड़ों मूल्य के मकान, जमीन और कीमती गाड़ियां बना रहे हो और तुम्हारा मोहल्ला, गांव या शहर नोटिस नहीं कर रहे होंगे। सब करते हैं,लेकिन ज्यादा सोचते हैं कि मंदिर की आस्था में भला कौन गलत काम करता होगा, लेकिन तुम्हारी औकात से ज्यादा आर्थिक विकास एक दिन समाज को सोचने को मजबूर करने लगता है। यहीं से लोगों में खुसर-फुसुर शुरू हो जाती है, जो एक दिन लोगों की जुबान से बाहर आकर हवा में तैरने लगती है। इस समय तो संदर्भ राम मंदिर अयोध्या के चढ़ावे में भ्रष्टाचार करने का ही है, लेकिन ऐसे किसी भी अनैतिक कार्य को करने वाले आदमी की जिम्मेदारी तो रहेगी ही, लेकिन उस आदमी की पत्नी, मां, बहन आदि रिश्तों वाली महिलाएं ऐसे मर्यादित कर्मों को होने से रोक सकती हैं, क्योंकि निश्चित आय का प्रथम संज्ञान उसकी पत्नी को जरूर होता है। बाद में मां-बहन को,लेकिन विवाहित आदमी की पत्नी सबसे ज्यादा और सबसे पहले पहचान जाती है के पति द्वारा घर में लाया गया पैसा किस मद में आ रहा है। साथियों मां व्यक्ति में धर्म और कर्म के संस्कार भरती है, लेकिन पत्नी उन संस्कारों को दिशा और गति देती है। पारिवारिक जीवन रथ की पत्नी सारथी होती है। मंदिर का चढ़ावा हो या नौकरी में रिश्वत अथवा कारोबार में भ्रष्टाचार सबसे पहले आदमी की पत्नी को ही पता चलता है। आदमी जब पहली बार रिश्वत अथवा चढ़ावा चोरी का पैसा, जेवर लेकर घर जाता है तो उसकी पत्नी को ही पता चलता है। अब ये पत्नी के ऊपर निर्भर करता है कि वह पति के पहली बार पथ भ्रष्ट होते कर्म को स्वीकार करती है अथवा रोक देती है। बस यही एक दिन, एक अवसर होता है कि उसे परिवार का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ाना है।

## ऑनलाइन रजिस्ट्री व्यवस्था पर फिलहाल रोक सराहनीय: शैलेंद्र चौधरी

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में ऑनलाइन रजिस्ट्री व्यवस्था पर फिलहाल रोक लगाए जाने के निर्णय का अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष बिजनौर एवं पूर्व विशेष प्रतिनिधि, राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश शैलेंद्र चौधरी एडवोकेट ने स्वागत करते हुए इसे अधिवक्ता समाज, वादकारियों एवं आम जनता के हित में लिया गया सराहनीय निर्णय बताया है। शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि बिजनौर सहित पूरे उत्तर प्रदेश के लाखों अधिवक्ता लंबे समय से ऑनलाइन रजिस्ट्री व्यवस्था में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों से जूझ रहे थे। इस व्यवस्था के कारण न केवल अधिवक्ताओं बल्कि आम नागरिकों को भी अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। प्रदेश सरकार द्वारा इस व्यवस्था पर फिलहाल रोक लगाना जनभावनाओं का सम्मान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिवक्ता समाज की भावनाओं को समझते हुए संवेदनशीलता का परिचय दिया है। यह निर्णय दर्शाता है कि प्रदेश सरकार जनता व अधिवक्ताओं के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## पूर्णिमा पर्व (कबीर जयंती) पर नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में पूर्णिमा पर्व पर नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ आयोजित किया गया। गायत्री शक्तिपीठ परिव्राजक छत्रपाल सिंह व रोहिताश सिंह ने प्रेरणाप्रद संगीत प्रस्तुत करते हुए वैदिक मंत्रों से यज्ञ संपन्न कराया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉक्टर दीपक कुमार ने कहा कि संत कबीरदास जैसे महापुरुष संपूर्ण विश्व के लिए वंदनीय होते हैं, संत संपूर्ण मानव जाति के होते हैं। कबीर दास पर अब तक हजारों पीएचडी हो चुकी हैं। गायत्री साधकों ने संत कबीर को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डॉक्टर दीपक कुमार ने कहा कि देव संस्कृति के निर्माता यज्ञ पिता और गायत्री माता हैं। यज्ञ त्याग व परोपकार का दूसरा नाम है। श्रीमती ममता एवं मनोज ने मुख्य पूजन किया। सुमन वर्मा, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, सारिका अग्रवाल, शशि, राज भटनागर, एचपी गुप्ता, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।



# ग्राम प्रधानों ने सीवर लाइन बिछाने का कार्य रुकवाया

## ग्राम पंचायत की बिना अनुमति कार्य कराने का आरोप लगाया





**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव सुहागपुर और मोहम्मदपुर सादा में सीवर लाइन निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया। ग्राम प्रधानों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच और बिना ग्राम पंचायत की अनुमति के कार्य शुरू किए जाने का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित कंपनी द्वारा गांव में सीवर लाइन बिछाने का कार्य बिना स्थानीय ग्राम पंचायत की सहमति और आवश्यक जानकारी दिए शुरू कर दिया गया। इसे लेकर लोगों में नाराजगी फैल गई और ग्रामीण सड़क पर उतर आए।

मोहम्मदपुर सादा की ग्राम प्रधान संध्या सिंह ने बताया कि प्रस्तावित सीवर लाइन ऐसे मार्ग से डाली जा रही है, जिससे पांच गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित होगा। उनका कहना है कि सड़क खोदे जाने से मार्ग क्षतिग्रस्त होगा और भविष्य में सीवर से होने वाले रिसाव से प्रदूषण फैलने तथा भूजल प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि जब तक ग्रामीणों की सहमति नहीं बनती, तब तक गांव में यह कार्य नहीं होने दिया जाएगा। वहीं सुहागपुर के ग्राम प्रधान पति जावेद अहमद ने बताया कि कुछ दिन पूर्व कंपनी के प्रतिनिधि उनसे मिले थे। उस समय उन्हें स्पष्ट कर दिया गया था कि ग्राम सभा की सहमति मिलने के बाद ही कार्य शुरू किया जाए। इसके बावजूद दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। ग्रामीण रामकुमार ने कहा कि सीवर लाइन बिछाने से गांव के लोगों को भविष्य में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

विरोध के दौरान ग्रामीणों ने निर्माण कार्य बंद करा दिया और खोदे गए हिस्सों को मलबा डालकर भर दिया। सूचना मिलने पर रानी बाग चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत कर माहौल शांत कराने का प्रयास किया। कुछ समय तक मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

प्रदर्शन के दौरान ग्राम प्रधान संध्या सिंह, ग्राम प्रधान पति जावेद अहमद, विमल कुमार, नरेश कुमार, गजराज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अब सभी की निगाहें प्रशासन के अगले निर्णय पर टिकी हैं।

### ठेकेदार ने बताया, एसडीएम के निर्देश पर हो रहा कार्य

**कंपनी के ठेकेदार राजेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में सीवर लाइन का निर्माण पूर्व स्वीकृत योजना के अंतर्गत कराया जा रहा है। उनके अनुसार कार्य प्रशासनिक निर्देशों के आधार पर किया जा रहा है तथा उनके पास एसडीएम के आदेश उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की आपत्ति सामने आने के बाद फिलहाल मामला प्रशासन के संज्ञान में है।**

# न्यायिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद किया जाये नाले का निर्माण

## भूमि स्वामी ने सिंचाई विभाग से की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ग्राम निम्बूचौड़, पट्टी मोटाढ़ाक क्षेत्र में प्रस्तावित नाला निर्माण को लेकर भूमि स्वामी उमेश चन्द्र नौटियाल ने सिंचाई विभाग से जनहित एवं न्यायिक प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग दुगड्डा को पत्र प्रेषित कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है।

श्री नौटियाल ने बताया कि ग्राम निम्बूचौड़ स्थित उनकी पुश्तैनी भूमि राजस्व अभिलेखों में खाता संख्या 8 एवं खाता संख्या 110 के अंतर्गत दर्ज है, जिस पर वह लंबे समय से खेती करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि के सीमांकन को लेकर असिस्टेंट कलेक्टर, कोटद्वार न्यायालय में राजस्व वाद संख्या 04/23, धारा 41 के अंतर्गत मामला वर्तमान में विचाराधीन है।

उन्होंने कहा कि न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद यदि निजी भूमि पर नाला निर्माण किया जाता है, तो इससे भूमि संबंधी विवाद एवं भविष्य में अनेक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने विभाग से आग्रह किया है कि पहले न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने दी जाए। श्री नौटियाल ने यह भी बताया कि दुगांपुरी एवं निम्बूचौड़ क्षेत्र से आने वाली पीडब्ल्यूडी दुगड्डा की दायीं नाली वर्तमान में उनकी भूमि के पश्चिमी भाग में छोड़ी गई है, जिसके कारण प्रत्येक वर्ष भूमि कटाव हो रहा है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उन्होंने सुझाव दिया कि नाले का निर्माण निजी भूमि से होकर कराने के बजाय सड़क किनारे किया जाए तथा उसे सुखरौ नदी से जोड़ा जाए, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर जल निकासी सुविधा मिल सके और निजी भूमि भी प्रभावित न हो। उन्होंने बताया कि इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा पूर्व में दिए गए ज्ञापन को कोटद्वार विधायक श्रीमती ऋतु खंडूड़ी भूषण द्वारा पीडब्ल्यूडी दुगड्डा को भी प्रेषित किया जा चुका है।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# आस्था केन्द्रों पर चोरी की घटनाएं शर्मनाक : धीरेन्द्र प्रताप

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि जो लोग स्वयं को हिंदू धर्म का सबसे बड़ा रक्षक बताते हैं, उन्हीं के शासनकाल में अयोध्या जैसे आस्था के प्रमुख केंद्रों में चोरी की घटनाएं होना अत्यंत शर्मनाक है। उन्होंने इन घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

कोटद्वार में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मंदिरों में चढ़ावे की चोरी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। कांग्रेस जनआस्था से जुड़े ऐसे मामलों पर कभी चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा शीघ्र प्रारंभ हो रही है। कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने गढ़वाल क्षेत्र में जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आए दिन ग्रामीण, किसान और मजदूर वन्यजीवों का शिकार हो रहे हैं, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। मौके पर उन्होंने वन्यजीव हमलों में मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने की मांग भी की। उन्होंने विश्वास जताया भाजपा की जन विरोधी नीतियों का जवाब जनता आगामी विधानसभा चुनावों देगी और भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। इस अवसर पर कोटद्वार कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खोह नदी आपदा के तीन वर्ष बाद भी बाढ़ सुरक्षा दीवार का नहीं हुआ निर्माण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के सनेह क्षेत्र अंतर्गत बिशनपुर इलाके में खोह नदी में आपदा के तीन साल बाद भी बाढ़ सुरक्षा दीवार नहीं बन पाई है। आपदा से क्षतिग्रस्त बिशनपुर सड़क की मरम्मत का कार्य भी अभी तक नहीं हो पाया है। क्षेत्र को बाढ़ से बचाने के लिए बनाया जा रहा तटबंध भी अधूरा पड़ा है।

बताते चलें कि वर्ष 2023 में खोह नदी में आई भीषण बाढ़ ने सनेह क्षेत्र के बिशनपुर इलाके में भारी तबाही मचाई थी। काफी मात्रा में कृषि भूमि बह गई थी और सड़क का एक हिस्सा भी नदी में समा गया था। इसके तीन वर्ष बाद भी हालात जस के तस बने हैं। स्थानीय निवासी महानंद ध्यानी, सरोजनी देवी, महेंद्र सिंह बिष्ट, जगदीश सिंह बिष्ट और अनुज सेमवाल ने आरोप लगाया कि नदियों के चैनेलाइजेशन के नाम पर लंबे समय से खनन कार्य किए जा रहे हैं। अनियंत्रित खनन से नदी का स्वरूप बदला है और भू-कटाव की समस्या बढ़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तेजी से नदी में खनन हो रहा है और पहले बड़े पैमाने पर भू-कटाव हो चुका है उसे देखते हुए आगामी बरसात में फिर से बाढ़ का खतरा बना हुआ है।

### सहायक अभियंता कहिन...

**इस संबंध में सिंचाई विभाग दुगड्डा के सहायक अभियंता महकार सिंह ने बताया कि बिशनपुर क्षेत्र के लिए 390 मीटर लंबी बाढ़ सुरक्षा दीवार प्रस्तावित है। बाढ़ सुरक्षा दीवार के लिए शासन से आठ करोड़ की धनराशि स्वीकृत होने के बाद टेंडर हो चुके हैं। बरसात के बाद बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।**

# कांग्रेस के सामने अस्तित्व को बचाने की चुनौती : चौहान

**देहरादून ( चिंगारी )।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि परिवर्तन और संकल्प का ढोल पीटकर यात्रा का शंखनाद कर रही कांग्रेस के सामने इस बार अस्तित्व बचाने की चुनौती से पार पाना प्राथमिकता है और यात्रा शुरू होने से पहले ही जिस तरह से कई सूरमा नजरंदाज किए गए हैं उससे यात्रा के भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकता है।



मनवीर चौहान

पार्टी कार्यालय मे कांग्रेस की यात्रा को लेकर पूछे गए सवालों पर चौहान ने कहा कि कांग्रेस की इस तथाकथित यात्रा को लेकर न जनता मे उत्साह है और न ही आम कांग्रेसियों में कोई सकारामक प्रतिक्रिया ही देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि जो चेहरे यात्रा के लिए सामने रखे गए हैं। उनमें नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और पूर्व सीएम हरीश रावत गायब हैं। इसे लेकर कांग्रेस में अंदरूनी परिवर्तन पर चर्चा है और कार्यकर्ता यात्रा को लेकर उत्साहित नहीं हैं। हालांकि पूर्व सीएम समर्थक लम्बे समय से उनकी उपेक्षा को लेकर खुले आम चेतावनी जारी करते आये हैं।

चौहान ने कहा कि लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष जनता के प्रति जवाबदेही का निर्वहन करते रहते हैं। लेकिन विकल्प देकर जनता ने अपने फैसले मे संशोधन किया है। 2012 मे जनता ने कांग्रेस को भाजपा पर तरजीह दी, लेकिन उसका खामियाजा भी जनता को ही भुगतना पड़ा। पूरे 5 साल सीएम को लेकर तनातनी, मंत्रिमंडल का चयन और गुटीय संघर्ष रहा तो घपले घोटालों की बाढ़ आ गयी और जनता ने सरकार बचाने की खातिर विधायकों की खरीद फरोख्त की डील भी देखी। इसके बाद जनता ने कांग्रेस पर भरोसा नहीं किया और एक बार फिर सीएम पुष्कर धामी क्लीन स्वीप कर हैट्रिक करने वाले हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# पाकिस्तान बोला- हमारा पानी रोका तो हाथ काट देंगे

## सिंधु जल संधि अब भी लागू, भारत इसे एकतरफा खत्म नहीं कर सकता

**इस्लामाबाद (एजेंसी/चिंगारी)**। पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री मुसादिक मलिक ने एक बहुत अजीबोगरीब बयान में दावा करते हुए कहा कि अगर किसी ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने की कोशिश की तो हम उन हाथों को काट देंगे। श्री मलिक ने यह बात एक संवाददाता सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ऐसा ऐलान ही नहीं कर रहा वह ऐसा करके दिखा भी चुका है। उन्होंने दावा किया कि बीते एक-डेढ़ साल में ऐसा किया भी



गया है। उन्होंने कहा कि सवाल इंसाफ का भी है। इससे इतर सिंधु जल संधि को लेकर मंगलवार को यहां एक सेमीनार भी आयोजित किया गया। इसमें कानूनी एक्सपर्ट, जल एक्सपर्ट्स और विदेशी प्रतिनिधि शामिल हुए और संधि के कानूनी और तकनीकी पहलुओं पर चर्चा हुयी। पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने सेमिनार में कहा कि पाकिस्तान हर हाल में सिंधु जल संधि की पवित्रता की रक्षा करने के लिए तैयार है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर देश का पानी रोकने की कोई कोशिश की गई, तो राष्ट्रीय नेतृत्व उसका कड़ा जवाब देने के लिए तैयार है। श्री तरार ने कहा कि पाकिस्तान इस संधि को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि पानी का हथियार के तौर पर इस्तेमाल करना क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता को कमज़ोर करने जैसा है। सन् 1960 की सिंधु जल संधि, अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक खास जगह रखती है और यह दुनिया के सबसे लंबे समय से चले आ रहे जल-बंटवारे समझौतों में से एक है। गौरतलब है कि अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। भारत का कहना है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करता, तब तक संधि बहाल नहीं होगी। इस संधि पर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच दस्तखत हुए थे।

## अनुभवी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की आवश्यकता है

राजकीय इंटर कॉलेज बेगमपुर शादी (शिक्षक अभिभावक संघ) के माध्यम से सामाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, नागरिक शास्त्र, हिंदी ,अंग्रेजी, गृह विज्ञान,भौतिक विज्ञान, के शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपने मूल प्रमाण पत्रों, सहित 8 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें

-सीमा रानी, प्रधानाचार्या
राजकीय इण्टर कॉलेज बेगमपुर शादी (बिजनौर)
मो. न. 9058607034

## द्वितीय पुण्यतिथि



स्व. श्री कृष्ण गोपाल सचदेवा

आपके आदर्शों का पालन करते हुए भावुक हृदय से पूज्य पिताजी की द्वितीय पुण्यतिथि पर हम सभी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
आपका आशीर्वाद हम पर सदैव बना रहे।

श्रद्धावनतः-
मानव सचदेवा (भाजपा नगर उपाध्यक्ष, बिजनौर),
गौरव सचदेवा (पुत्रगण)
एवं दादके-नानके परिवार, बिजनौर


DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर